# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी








## रातभर चला... झांकियों का कारवां

*रायपुर। सोमवार की रात भगवान गणेश की झांकियों से झिलमिलाती रही। पूरी रात झांकियों का कारवां महादेवघाट की ओर चलता रहा। इस बार तकरीबन 80 नयनाभिराम झांकियां निकाली गईं। इन झांकियों को देखने हमेशा की तरह जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस भव्य और आकर्षक यात्रा के दौरान जगह जगह भगवान गणेश के कारवां का स्वागत हुआ। सुबह तक यह सिलसिला चला। पुलिस ने सिस्टम को दुरुस्त रखने बड़ी संख्या में जवान तैनात कर रखे थे। ड्रोन से भी निगरानी होती रही। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महापौर मीनल चौबे ने झांकियों का स्वागत किया।*







ड्रोन फोटो : भूपेश जांगड़े


आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) - ₹79929/-

22 कैरेट रेट (91.60%) - ₹97620/-

24 कैरेट रेट (99.99%) - ₹106561/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur





**नेपाल में बवाल** गृहमंत्री का इस्तीफा, पीएम ओली बोले- नहीं हटाऊंगा बैन

# सोशल मीडिया पर बैन से आक्रोश, संसद में घुसे युवा, फायरिंग में 20 की मौत

*नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में काठमांडू और कुछ अन्य इलाकों में सोमवार को युवाओं ने हिंसक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। अब तक 20 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 300 से ज्यादा घायल हैं। नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने देश में मौजूदा हालात को लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इधर, पीएम ओली ने सोशल मीडिया से बैन हटाने से इंकार कर दिया।*

### 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध

नेपाल सरकार ने अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर चार सितंबर को फेसबुक, व्हाट्सऐप और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगा दिया था। जनता में धारणा यह है कि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला होगा।

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

हालात बिगड़ने के बाद नेपाली सेना को राजधानी काठमांडू में तैनात किया गया। सेना के जवानों ने नए बानेश्वोर में संसद परिसर के आसपास के रास्तों पर नियंत्रण कर लिया है। इससे पहले, काठमांडू में 'जेन ज़ी' के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवा संसद भवन के सामने इकट्ठा हुए और प्रतिबंध को तुरंत हटाने की मांग करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवाओं का प्रदर्शन उस समय हिंसक हो गया जब कुछ प्रदर्शनकारी संसद परिसर में घुस गए, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा। ये प्रदर्शन पोखरा, बुटवल, भैरहवा, भरतपुर, इटाहरी और दामक जैसे क्षेत्रों में भी हुए। नेपाली कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले गृह मंत्री लेखक ने इस्तीफा दे दिया।





### खास बातें

- काठमांडू में स्कूल-कॉलेज अनिश्चितकाल के लिए बंद
- प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश
- प्रधानमंत्री ओली के अड़ियल रवैये से कांग्रेसी मंत्री नाराज

### पद छोड़ सकता हूं, लेकिन नहीं हटाऊंगा बैन : ओली

नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने रविवार शाम हुई कैबिनेट बैठक में कहा कि वह प्रधानमंत्री पद छोड़ सकते हैं, लेकिन 4 सितंबर को लगाए गए सोशल मीडिया प्रतिबंध को नहीं हटाएंगे।

**घुटनों के ऊपर गोली मार रही :** एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि कुछ देर पहले पुलिस ने गोलियां चलाईं। मुझे नहीं लगी, लेकिन पीछे खड़े दोस्त को हाथ में लग गई। देर रात तक गोलीबारी चलती रही।

**भारत से सटी सीमा पर कर्फ्यू :** बढ़ते विरोध प्रदर्शन के बीच नेपाल ने भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गए हैं।

### इधर, उप्र के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ी

बलरामपुर/बहराइच/ पड़ोसी देश नेपाल में शुरू हुए युवाओं के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों की सीमा नेपाल सीमा लगती है, जहां सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस सुरक्षा निगरानी करती हैं। बलरामपुर जिले में नेपाल में चल रहे आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## मंत्री केदार के कार्यालय में तोड़फोड़, महिला पुलिस घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्किट हाउस मामले को लेकर सोमवार को कांग्रेसियों ने फरसागुड़ा भानपुरी स्थित वन मंत्री केदार कश्यप के निजी कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान बस्तर फाइटर की महिला पुलिसकर्मी घायल हो गई। वहीं घेराव के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा मंत्री कार्यालय में तोड़फोड़ की गई। तोड़फोड़ को लेकर भानपुरी मंडल भाजपा ने भानपुरी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करने आवेदन दिया है। कांग्रेस के आज के प्रदर्शन को देखते हुए अतिरिक्त फोर्स भी तैनात की गई थी। कार्यालय ▶▶|शेष पेज 7 पर

- सर्किट हाउस मामले में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन
- देर शाम तक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला नहीं हुआ दर्ज



### मामले में पूछताछ की जा रही

मामले की पड़ताल व पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद मामला दर्ज किया जा सकता है। - **माहेश्वर नाग,** एएसपी

### पुलिस और कांग्रेसियों के बीच झूमाझटकी

वन मंत्री केदार कश्यप के जगदलपुर और फरसागुड़ा भानपुरी निवास का घेराव किया गया। पूर्व निर्धारित घेराव की सूचना पर दोनों जगह बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात रहा। इस दौरान कांग्रेसियों और सुरक्षा बलों के बीच झूमाझटकी हुई। केदार कश्यप के बचाव में भाजपाई और कांग्रेस में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज से लेकर छोटे नेता लगातार हमलावर हो गए हैं। आरोप प्रत्यारोप के बीच ▶▶|शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### एसी का कम्प्रेसर फटा, परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**नई दिल्ली।** फरीदाबाद में घर में एसी का कम्प्रेसर फट जाने से एक दंपति, उनकी बेटी और पालतू कुत्ते की मौत हो गई जबकि उनके बेटे ने बालकनी से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। आर्यन कपूर (24) के दोनों पैर टूट गए और उसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। शॉर्ट सर्किट के कारण एसी में आग लग गई होगी और जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया।

### होसबाले को एम्स में कराया गया भर्ती

**नई दिल्ली।** आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले को सोमवार को उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बीमार पड़ने के बाद एम्स-जोधपुर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की एक टीम आरएसएस के सरकार्यवाह होसबाले का इलाज कर रही है।



### गैस रिसाव की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**धार।** मप्र धार ज़िले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक कारखाने में एक दिन पहले हुए गैस रिसाव की सोमवार को मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए। यह रिसाव रविवार रात 'श्री सागर लुब्रिकेंट ऑयल कारखाने' में हुआ। जहां जहरीली गैस के चलते सुशील (30), दीपक (35) और जगदीश (32) की मौत हो गई।

### दिवाली-छठ पर बिहार में चलेगी विशेष ट्रेनें

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर बिहार के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री ने 'एक्स' लिखा कि इस वर्ष विशेष ट्रेन की कुल संख्या 12739 होगी।



**फोरेंसिक जांच में खुलासा**

## ड्रग में मिली है हाथियों को बेहोश करने वाली दवा

- हेरोइन चिट्टा, एमडीएमए में इथोर्फिन नामक दवा मिलाए जाने की पुष्टि
- एक एमएल इथोर्फिन से ड्रग की डेढ़ हजार डोज बनाई जा सकती है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में हेरोइन चिट्टा, एमडीएमए जैसे प्रतिबंधित मादक पदार्थों को बड़े पैमाने पर ड्रग पैडलर खपा रहे हैं। हाल के दिनों में रायपुर में पकड़े गए हेरोइन चिट्टा, एमडीएमए में हाथी जैसे विशालकाय वन्यजीव को ट्रैंक्यूलाइज (बेहोश) करने उपयोग में लाए जाने वाली दवा इथोर्फिन मिलाए जाने का खुलासा हुआ है। खबर है, फोरेंसिक जांच में इसका पता चला है। प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा तथा एमडीएमए में हाथी को बेहोश करने वाली दवा मिलाए जाने की खबर हरिभूमि ने पहले ही प्रकाशित की थी।

फोरेंसिक विभाग के सूत्रों के अनुसार हाल के दिनों में जो मादक पदार्थ पुलिस ने जब्त किया है, उसमें एनिमल को ट्रैंक्यूलाइज करने की दवा मिलाने की पुष्टि हुई है। इथोर्फिन ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### इसलिए इथोर्फिन का मिश्रण

प्रतिबंधित मादक पदार्थों में इथोर्फिन जैसी घातक दवा का मिश्रण करने की वजह ड्रग की डोज में नशे की क्षमता को बढ़ाना है। इथोर्फिन मिले ड्रग का सेवन करने से नशा सामान्य स्तर से ज्यादा होता है। इथोर्फिन मिले ड्रग का सेवन करने से उत्तेजना बढ़ती है। साथ ही इस दवा की वजह से ड्रग लेने वाला जल्दी एडिक्ट होता है। इस कारण से ड्रग माफिया ड्रग में इथोर्फिन की मिलावट करते हैं।

### एक एमएल से डेढ़ हजार डोज

वन्यजीव के जानकार डॉक्टरों के अनुसार एक एमएल इथोर्फिन से डेढ़ हजार डोज तैयार किया जा सकता है। इस वजह से भी ड्रग माफिया इथोर्फिन नामक दवा का मिश्रण हेरोइन चिट्टा तथा एमडीएमए में मिश्रण कर रहे हैं। हाल के दिनों में ड्रग तस्करी के आरोप में जो पकड़े गए हैं, उन्हें भी ड्रग में इथोर्फिन नामक दवा के मिलाए जाने की जानकारी नहीं है।

*प्रभारी संगठन महामंत्री से मुलाकात कर दी चालान की कॉपी*

## सुकमा के कांग्रेस भवन को अटैच कर सूचना देने ईडी पहुंची कांग्रेस मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से ईडी की कार्रवाई सुर्खियों में आ गई है। कांग्रेसी सोमवार को मंत्री केदार कश्यप के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और दूसरी तरफ ईडी की टीम राजीव भवन पहुंच गई। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैंदू से मुलाकात कर सुकमा कांग्रेस भवन को अटैच करने संबंधी कॉपी दी। ईडी की टीम ने शराब घोटाला ▶▶|शेष पेज 7 पर



**पार्टी के फंड से बना भवन : मलकीत**

प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह ने कहा, ईडी के अधिकारी सुकमा के कांग्रेस भवन को अटैच करने की जानकारी देने पहुंचे थे। 15 से 20 मिनट उनसे चर्चा हुई। उन्होंने कहा, कांग्रेस द्वारा सुकमा भवन के निर्माण को लेकर सारे दस्तावेज ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सीमा पार कर रही है: भूपेश

कांग्रेस भवन में ईडी के अधिकारियों को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईडी सभी सीमाओं को पार कर रही है। वहीं, सुकमा कांग्रेस कार्यालय को शराब घोटाले मामले में अटैच करने पर उन्होंने कहा, बीजेपी बौखला गई है। बीजेपी के हजारों कार्यालय हैं, उन पर कब कार्रवाई होगी? लोकतंत्र को खत्म करने का काम हो रहा है। कांग्रेस के कोई भी कार्यक्रम के पहले ईडी आ जाती है।

**कश्मीर में बड़ी कार्रवाई**

## मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए, दो जवान शहीद

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और दो सैनिक शहीद हो गए। सुरक्षा बलों ने गुडार वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाए जाने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।



### एक स्थानीय दूसरा विदेशी आतंकी

मारे गए आतंकवादियों में से एक स्थानीय था, जबकि दूसरा विदेशी आतंकवादी था, जिसका कोड नाम 'रहमान भाई' था। मुठभेड़ में सेना के तीन जवान घायल हो गए, जिनमें से दो ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया।

**आईटी मंत्री वैष्णव ने कहा- सरकार के पास कोई प्रस्ताव नहीं**

## भारत में फिलहाल टिकटॉक से नहीं हटेगा बैन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन के चलते बवाल मचा है। ऐसे में भारत में टिकटॉक को लेकर एक नई बहस शुरू हो गई। हालांकि सरकार ने इस पर फौरन लगाम लगा दिया। लोकप्रिय शॉर्ट वीडियो ऐप टिकटॉक की वापसी को लेकर फैल रही खबरों पर सरकार ने पूरी तरह विराम लगा दिया है। आईटी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ कहा कि टिकटॉक बैन हटाने का कोई प्रस्ताव ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्यों लगा था बैन?

जून 2020 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए टिकटॉक समेत 59 चीनी ऐप्स पर बैन लगाया था। इसके बाद इन्हें गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से हटा दिया गया। भारत टिकटॉक का सबसे बड़ा बाजार था, जहां इसके 20 करोड़ से ज्यादा यूजर्स थे।




**चीनी निवेश पर भी रोक :** टिकटॉक बैन के बाद सवाल उठता है कि क्या चीनी निवेशक भारत में वापसी करेंगे? इस पर मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारत की नीतियां पारदर्शी हैं और जो भी बदलाव होगा, सबको जानकारी दी जाएगी। अप्रैल 2020 में सरकार ने एफडीआई पॉलिसी सख्त कर दी थी। अब भारत से लगी सीमा वाले देशों से आने वाले निवेश के लिए सरकार की मंजूरी जरूरी है।

### तकनीकी सहयोग पर सीमित बातचीत

हालांकि भारत और चीन के बीच सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को लेकर बातचीत जारी है। मंत्री का कहना है कि इस उद्योग में ग्लोबल सप्लाई चेन की अहमियत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट्स बताती हैं कि इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स के क्षेत्र में दोनों देशों की कंपनियां संयुक्त उपक्रम और तकनीकी साझेदारी तलाश रही हैं। इसका मकसद टेक्नोलॉजी, स्केल और लागत के लिहाज से प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना है।

### भारत समेत कई एशियाई देशों में इंटरनेट स्लो

**नई दिल्ली।** लाल सागर में फाइबर ऑप्टिक केबल क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसकी वजह से दुनिया भर में इंटरनेट धीमा हो गया है। यूजर्स को देरी और स्लो स्पीड का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल लाल सागर में बिछी केबल दुनियाभर में इंटरनेट की पहुंच के लिए बेहद जरूरी है। यूरोप और एशिया के बीच जितना भी इंटरनेट चलता है, उसका एक बड़ा हिस्सा इन्हीं तारों से होकर गुजरता है।

यही वजह है कि वैश्विक इंटरनेट ट्रैफिक का 17फीसदी हिस्सा बाधित हो गया है। क्षतिग्रस्त केबलों में सीकॉम/टीजीएन-ईए, एएई-1 और ईआईजी जैसे प्रमुख सिस्टम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

## 25 साल की गौरवगाथा

# विकास और विश्वास का नया अध्याय

## सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से आ रहा सकारात्मक सामाजिक-आर्थिक बदलाव

छत्तीसगढ़ 1 नवंबर 2000 को मध्यप्रदेश से अलग होकर एक नया राज्य बना। जनजातीय बहुल यह प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों, सांस्कृतिक विविधता और कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। अपने गठन के 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की एक लंबी और प्रेरणादायक यात्रा तय की है। यह यात्रा राज्य की आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में किए गए प्रयासों का सजीव प्रमाण है।

## सामाजिक- आर्थिक बदलाव लाने वाली योजनाएं

### तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक वृद्धि



तेंदूपत्ता संग्राहकों का संग्रहण पारिश्रमिक 4,000 से बढ़ाकर 5,500 प्रति मानक बोरा

### महतारी वंदन योजना



माताओं- बहनों को प्रतिमाह ₹1000 की आर्थिक सहायता

### नियद नेल्ला नार योजना



बस्तर के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के कैंपों के समीप स्थापित 327 गांवों में तीव्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए समन्वित योजना कार्यक्रम

### राज्य का बजट आकार

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 3,999 करोड़ | 1,65,000 करोड़ |



### शासकीय विद्यालय

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 38,050 | 56,615 |



### शिक्षकों की संख्या

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 21000 | 2,78,798 |



### राज्य सकल घरेलू उत्पाद

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 25,845 करोड़ | 6,35,918 करोड़ अनुमानित |



### शासकीय महाविद्यालय

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 116 | 335 |



### जिला अस्पताल

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 06 | 30 |

### राष्ट्रीय राजमार्ग

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 1827 किलोमीटर | 3620 किलोमीटर |

### ग्रामीण सड़क

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 28,393 किलोमीटर | 1,60,116 किलोमीटर |

### स्टेट हाईवे

| 2001-02 | 2025-26 |
|---|---|
| 2074 किलोमीटर | 4310 किलोमीटर |

## 25 साल की उपलब्धियां

- रायपुर इकलौती ऐसी राजधानी, जहां IIM, IIT AIIMS, NLU, IIIT, NIT जैसे संस्थान।
- दुनिया में रायपुर का नाम: हमारा क्रिकेट स्टेडियम विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम।
- 21वीं सदी का पहला सुनियोजित शहर नया रायपुर, यहां विश्व स्तरीय सुविधाएं।
- नया रायपुर में पहली सेमीकंडक्टर इकाई बन रही, यहां उन्नत माइक्रो चिप बनेंगी।
- कॉलेज की संख्या 116 से 656 (शासकीय-निजी) तक हुई, बालिका शिक्षा के लिए 38 कॉलेज खुले।
- उड़ान: रायपुर में टर्मिनल, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर में भी एयरपोर्ट।
- स्वास्थ्य शिक्षा का विस्तार: मेडिकल कॉलेज की संख्या एक से बढ़कर 14 हुई।
- नक्सल क्षेत्रों में विकास: सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से हालात में सुधार।
- विकास दर: आर्थिक वृद्धि दर 4% थी, अब जीएसडीपी वृद्धि दर 11.4% तक पहुंची।
- क्रिकेट अकादमी का विस्तार: 7.96 एकड़ जमीन राज्य क्रिकेट संघ को आवंटित।
- कोयला से तरक्की: तीसरा सबसे बड़ा भंडार, 20.73% उत्पादन के साथ हम दूसरे स्थान पर।
- बिजली की चमक : थर्मल पावर में दूसरे स्थान पर, यहां 30000 मेगावाट उत्पादन क्षमता।
- फौलाद की ताकत: लौह अयस्क का 19% हिस्सा यहां, उत्पादन में 16.64% हिस्सा।
- रेल व सड़क कनेक्टिविटी: रेल परियोजनाएं और नए पुल बने।
- महिला सशक्तीकरण: छत्तीसगढ़ में 50% पंचायत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित।
- नया रायपुर में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, स्मार्ट निगरानी प्रणाली की सुविधाएं।
- महतारी वंदन: विवाहित महिलाओं को साल में 12,000 रुपए की मदद दी जा रही है।
- औद्योगिक निवेश में वृद्धि एल्युमीनियम, इस्पात, सीमेंट व आईटी सेक्टर में निवेश।
- पूर्ण टीकाकरण में अग्रणी: 96.54% की दर के साथ देश के शीर्ष राज्यों में शुमार।
- धान खरीदी में शीर्ष: कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों को इनपुट सब्सिडी।

रायपुर
मंगलवार, 9 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष द्वितीया
वर्ष : 24, अंक : 54
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.9
न्यूून. 22.5

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## रिपोर्ट के मुताबिक



### किस बांध पर कैसा खतरा

- मिनी माता बांगो- इस बांध में छैतिज दरार देखी गई है। दरारों से पानी का रिसाव दिखता है।
- रविशंकर सागर गंगरेल बांध पानी के रिसाव,डिस्चार्ज की मात्रा गंभीर पाई गई है।
- पेंड्रावन- कई समस्याएं हैं, इनके कारण लंबे समय से डाउन स्ट्रीम हमेशा गीला और जलभराव रहता है।
- आमाबेडा- स्पिल चैनल से गुजरने वाली नहर साइफन 2014 में क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस कटाव के कारण स्पिल चैनल में लगभग 40 मीटर गहरा कटाव हो गया है।
- केदार नाला- बांध के टो और नहर स्लूस के निकट भी असमान्य रिसाव देखा गया है।
- सिकासार- यहां लगभग 6 साल से अधिक समय से डाउन स्ट्रीम पर असामान्य रिसाव देखा गया है।
- अमाहगांव- काश्तकार अनियंत्रित करके से स्लूस ▸▸| शेष पेज 7 पर

# खतरे के निशान पर छत्तीसगढ़ के 11 बांध, सामने आई हेल्थ रिपोर्ट, कहीं रिसाव, कहीं दरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में इस साल राज्य के अधिकांश इलाकों में घनघोर बारिश से बड़े बांध और जलाशय भरकर छलकने लगे हैं। इसके साथ ही बांधों के टूटने का खतरा भी बढ़ रहा है। इसी बीच पिछले दिनों लुत्ती( बलरामपुर) तथा गेरसा( लुंड्रा) बांध फूट चुके हैं। बलरामपुर के ही सकेतवा बांध भी फूटने के खतरे से जझ रहा है, लेकिन इससे बड़ी और अहम बात ये भी है कि राज्य में इनके अलावा 11 बांधों पर मध्यम से लेकर उच्च श्रेणी का खतरा



**जल संसाधन विभाग जुटा सुरक्षा और बचाव में**

**दो फूट चुके हैं तीसरे पर मंडरा रहा है खतरा**

मंडरा रहा है। यह तथ्य जल संसाधन विभाग की बांध सुरक्षा की हेल्थ रिपोर्ट से सामने आया है। राज्य में मौजूद बांधों को तीन श्रेणियों में रखा गया है। इनमें श्रेणी 1 में अध्याधिक उच्च जोखिम वाले बांधों को रखा जाता है। राज्य में फिलहाल इस श्रेणी में कोई बांध नहीं है। इसके बाद श्रेणी 2 के बांध जिनमें कुछ प्रमुख कमियां. जिनके लिए शीघ्र उपचारात्मक उपाय अपेक्षित हैं। इन्हें मध्यम से उच्च श्रेणी जोखिम में शामिल किया जाता है। राज्य में इस तरह के 11 बांध हैं। श्रेणी 3 में वे बांध शामिल हैं जिन्हें मामली सुधार के बाद ठीक किया जा सकता है। ये कम जोखिम श्रेणी में हैं।

### • ये हैं खतरों से भरे 11 बांध

राज्य में श्रेणी 2 में 11 बांधों को रखा गया है। मानसून के पहले और बाद में 2024-25 के दौरान इनका निरीक्षण किया गया है। इसके साथ ही इनकी हेल्थ रिपोर्ट सामने आई है। इन बांधो की सूची इस प्रकार है। मिनीमाता( हसदेव बांगोपंडित रविशंकर सागर (गंगरेल बांध)पेंड्रावन बांध,आमाबेड़ा बांध, केदारनाला बांध सिकासार बांध आमगांव बांध बृजेश्वर सागर सागर(कोईनारी) बांधकुर्रिडीह बांध, फरसपाल बांध। जल संसाधन विभाग इन सभी बांधों को खतरों से बचाने के लिए उपाय कर रहा है। इसके साथ ही बांध की सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### तीनों सेना के संयुक्त कमांडर सम्मेलन में बनेगी नई रणनीति




**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को हाल ही में चार महीने पूरे हो चुके हैं। सीमाओं पर सेनाओं की सुरक्षा तैयारियां चाक-चौबंद बनी हुई हैं। इन सबके बीच अगले सप्ताह की शुरुआत में 15 से 17 सितंबर तक कोलकाता में पहला सशस्त्र सेनाओं का संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 (सीसीसी) आयोजित किया जाएगा।

### कार नदी में गिरी, 40 घंटे बाद भी दो पुलिसकर्मी लापता

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी में कार गिरने के 40 घंटे बीत जाने के बाद भी लापता दो पुलिसकर्मियों का पता नहीं चल पाया है। कार शनिवार रात करीब नौ बजे एक पुल से नदी में गिर गई थी और उसमें तीन पुलिसकर्मी सवार थे। थाना प्रभारी अशोक शर्मा (58) का शव बरामद कर लिया गया, उप-निरीक्षक मदन लाल (57) और आरक्षक आरती पाल ( 30 वर्ष) का कोई पता नहीं चल पाया है।

### बस और बाइक की टक्कर, तीन की मौत

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में सोमवार को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस



और एक दोपहिया वाहन के बीच टक्कर होने से तीन लोगों की मौत हो गई। पूर्वाह्न 11 बजे यह घटना हुई। मृतकों की पहचान गोविंदा कालू पवार, विकास जयराम माली और रोशन दयाराम माली के रूप में हुई है।

### दंपति ने खाया जहरीला पदार्थ, पत्नी की मौत

**पीलीभीत।** पीलीभीत में न्यूरिया थाना क्षेत्र के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में आपसी विवाद के चलते एक दंपति के कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लेने से पत्नी की मौत हो गई। पति अस्पताल में भर्ती है। जिस महिला की जान चली गयी उसकी पहचान 27 वर्षीय सीतू के रूप में हुई है जबकि जबकि उसका 36 वर्षीय पति राजू का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राथमिक जांच में मामला घरेलू विवाद का लग रहा है।

### 1500 किलो पटाखे जब्त, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नोएडा के दादरी थानाक्षेत्र में पुलिस ने अवैध पटाखा फैक्टरी से 1500 किलो



पटाखे जब्त किए। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बोडाकी गांव में निर्माणाधीन मकान में चल रही इस अवैध पटाखा फैक्टरी का पर्दाफाश करते हुए रामलखन, आजाद तथा राजेन्द्र को गिरफ्तार किया गया है।

## एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन - देश को आज मिलेगा नया उपराष्ट्रपति

# उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले बड़ा ऐलान वोटिंग से दूर रहेगी बीआरएस-बीजद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

खास खबर

चुनावी जंग में भाजपा गठबंधन ने सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन ने सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। आंकड़ों के अनुसार, एनडीए की जीत साफ है, लेकिन भी भाजपा गठबंधन इसको लेकर ओवर कॉफिडेंस में नहीं है। इस बार उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन और विपक्ष के बी सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला है। इस बीच, दो राजनैतिक दलों ने कल होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहने का ऐलान किया है। इन दलों में बीआरएस और बीजू जनता दल शामिल हैं। बता दें कि जगदीप धनखड़ के अचानक स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 21 जुलाई को इस्तीफा दे दिया था, जिस कारण रिक्त हुए उपराष्ट्रपति पद के लिए मध्यावधि चुनाव कराया जा रहा है। अब कल यानी नौ सितंबर को यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से ठीक एक दिन पहले बीआरएस और बीजू ▸▸| शेष पेज 7 पर

*भारत को अपना 15वां उपराष्ट्रपति मिलने वाला है। 9 सितंबर को पद के लिए वोटिंग और मतगणना होगी। देर रात तक नए उपराष्ट्रपति की घोषणा हो जाएगी। चुनाव से ठीक एक दिन पहले बीआरएस और बीजू जनता दल ने चौंकाने वाला ऐलान किया है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कहा कि उनकी पार्टी उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगी। इसी तरह बीजद ने भी ऐसी ही घोषणा की है। इधर, कांग्रेस ने चुनाव से एक दिन पहले मॉक वोटिंग की, वहीं एनडीए ने अपने मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है।*

### एनडीए ने अपने मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी



### एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी की जीत लगभग तय

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर संसद में सांसदों की संख्या को देखें तो एनडीए के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बहुमत मिलने के स्पष्ट संकेत हैं। वर्तमान में मतदाताओं की संख्या 781 है और सात सीटें रिक्त हैं, जिनमें शिबू सोरेन का नाम भी शामिल है, जिनका मतदाता सूची तैयार होने के बाद निधन हो गया था।

### राधाकृष्णन बनाम सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला

इस बार उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला है। राधाकृष्णन भाजपा संगठन के विश्वसनीय चेहरे माने जाते हैं। वहीं दूसरी ओर, सुदर्शन रेड्डी न्यायपालिका में अपनी ईमानदार और निष्पक्ष छवि के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में उपराष्ट्रपति पद का यह चुनाव राजनीति बनाम न्यायपालिका के बीच भी देखा जा रहा है।

### इन दलों ने अभी तक साफ नहीं की स्थिति

उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों के बीच सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्ष के इंडिया गठबंधन दोनों के बीच कड़ी टक्कर चल रही है। यह एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच एक तरह से शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। बीजद और बीआरएस के चुनाव से हटने के बाद भी अभी तक अकाली दल, जेडपीएम और वीओटीटीपी के एक-एक सांसद और तीन निर्दलीय सांसदों ने अभी तक अपनी पसंद का स्पष्ट संकेत नहीं दिया है।

### एनडीए की ऐसी तैयारी

### केंद्रीय मंत्रियों की 10 टीमें

सत्ता पक्ष की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव की कमान संभाल रहे हैं। 9 सितंबर को सुबह 10 बजे से वोटिंग शुरू होगी। भाजपा गठबंधन ने सांसदों को इकठ्ठा करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों की 10 टीमें बनाई हैं। ये टीमें अलग-अलग राज्यों के सांसदों को इकठ्ठा करेंगी। सुबह 8 बजे तक सभी टीम अपने आवास पर सांसदों को जुटाएंगी।

### इंडिया गठबंधन एकजुट

विपक्ष के सांसदों ने उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले सोमवार को एकजुटकता प्रकट करते हुए बैठक की। 'मॉक' (प्रतीकात्मक) मतदान में हिस्सा लिया ताकि मंगलवार को मतदान के बाद उनका एक-एक वोट वैध करार हो। विपक्षी नेताओं ने 'संविधान सदन' के केंद्रीय कक्ष में बैठक कर अपनी रणनीति पर चर्चा की। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए।

# बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट 11 को, बस्तर में खुलेगा उद्योग और रोज़गार का नया द्वार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

क्षेत्रीय विकास को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन का वाणिज्य एवं उद्योग विभाग 11 सितंबर को बस्तर में इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रमुख निवेश संवर्धन पहल इससे पहले दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, रायपुर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टोक्यो, ओसाका और सियोल में सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। इन आयोजनों के माध्यम से नवंबर 2024 से अब तक 6.65 लाख करोड़ रुपयों के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार अब छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट के माध्यम से निवेश संभावनाओं को बस्तर तक ले जा रही है, जो प्रदेश के सबसे गतिशील और संभावनाशील क्षेत्रों में से एक है।

बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024–30 के अंतर्गत संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस नीति का उद्देश्य रोजगार सृजन, उद्यमिता को बढ़ावा और ▸▸| शेष पेज 7 पर

### एससी-एसटी उद्यमियों को अतिरिक्त सब्सिडी

समावेशन को बढ़ावा देने के लिए इस नीति में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत एससी ,एसटी उद्यमियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी, वहीं नक्सलवाद से प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों को भी 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। यह सरकार की सामाजिक पुनर्वास और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक अभिनव पहल के रूप में, नई औद्योगिक इकाइयों में आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार देने पर पाँच वर्षों तक उनके वेतन पर 40 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 5 लाख प्रतिवर्ष) उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, बस्तर में स्टील सेक्टर की इकाइयों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी रीइम्बर्समेंट की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे निवेशकों को दीर्घकालिक भरोसा मिलेगा और औद्योगिक विकास को स्थिरता प्राप्त होगी।

### 200 प्रमुख निवेशक होंगे शामिल

सरकार को उम्मीद है कि बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में देश-विदेश से 200 से अधिक प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के दिग्गज और स्थानीय उद्यमी शामिल होंगे। यह आयोजन सहयोग और विकास का एक उच्च-स्तरीय मंच साबित होगा। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है, जो बस्तर की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव सिद्ध होंगे।

### देवघर में लोड की गईं थी 13 बोरियां

# कंटेनर में 60 लाख का गांजा ड्राइवर सहित तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- कोलकाता से गुजरात जा रहे कंटेनर में मिला 388 किलो गांजा
- कुम्हारी पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी नागपुर से गिरफ्तार

सील पैक कंटेनर के भीतर से 388 किलो ग्राम गांजा पुलिस ने पकड़ा। तीन तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे का बाजार मूल्य 60 लाख रुपए बताया जा रहा है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने खुलासा करते हुए बताया कि गांजा कंटेनर एनएल 01 एएच 9524 में 60 लाख का गांजा वाहन और अन्य सामान समेत कुल 1.53 करोड़ रुपए का माल जब्त किया गया है। गांजा ओडिशा से छत्तीसगढ़ होते हुए नागपुर भेजने की तैयारी थी। कंटेनर चालक से पूछताछ कर पुलिस नागपुर पहुंची। जहां से 2 तस्करों को भी ट्रैप ▸▸| शेष पेज 7 पर

### बोरी के भीतर 388 गांजा का पैकेट

पुलिस ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कंटेनर की खोजबीन शुरु की। पीछे के हिस्से से 13 बोरियां गांजा जब्त किया। बोरियों को खोलने पर भीतर 388 पैकेट मिले। हर पैकेट 1 किलो वजन था। गांजा कुल 3 क्विंटल 88 किलो पड़ा मिला। जिसका कीमत 60 लाख रुपए आंकी गई है। कंटेनर में भरे अन्य सामान, वाहन और 95 हजार नकद समेत कुल 1 करोड़ 53 लाख रुपए का माल जब्त किया गया।

### नागपुर से दो युवको को पुलिस ने पकड़ा

एएसपी राठौर के मुताबिक आरोपी चालक उमेश यादव की निशानदेही पर कुम्हारी पुलिस और एसीसीयू की टीम नागपुर पहुंची। जहां ट्रैप लगाकर पुलिस ने गांजा की खरीदी करने आए दो आरोपियों मुस्ताक अहमद और फयाज अंसारी को गिरफ्तार कर भिलाई लाई। नागपुर में इन्हें ही गांजा की सप्लाई करनी थी। तीन माह पहले से चालक गांजा तस्करी का काम शुरू किया था। यह उसकी दूसरी खेप थी। जिसने यह गांजा कंटेनर में रखवाया है, उसकी भी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### राष्ट्रपति मैक्रों को लगा बड़ा झटका

# फ्रांस के पीएम ने खोया विश्वास मत, बायरू की सरकार गिरी

एजेंसी ▸▸| पेरिस

फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने में नाकाम रहे और इसके साथ ही उनकी सरकार गिर गई।

- सरकार के पक्ष में 364 जबकि विरोध में 194 वोट

अब राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को 12 महीने में चौथी बार नया प्रधानमंत्री तलाश करना होगा।

बायरू की सरकार के पक्ष में 364 जबकि विरोध में 194 वोट पड़े। मैक्रों ने पिछले साल दिसंबर में बायरू (74) को प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। सरकार गिरने के बाद बायरू को संवैधानिक रूप से बाध्य होकर मैक्रों को इस्तीफा सौंपना होगा।



### बढ़ता कर्ज भविष्य के लिए खतरा

नेशनल असेंबली में दिए गए एक जोशीले भाषण में बायरू इस बात पर अड़े रहे कि फ्रांस का बढ़ता सार्वजनिक घाटा और बढ़ता कर्ज इसके भविष्य के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्ज आने वाली पीढ़ियों पर भारी पड़ेगा, फ्रांस को विदेशी कर्जदाताओं के प्रति कमजोर बना देगा और अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो यह देश की बहुमूल्य सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा।

### ले पेन की ख्वाहिश नया चुनाव

*दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन ने मैक्रों से नेशनल असेंबली को फिर से भंग करने की अपील की थी। उन्हें पूरा विश्वास था कि उनकी नेशनल रैली पार्टी और उसके सहयोगी एक और अचानक होने वाले एसेंबली चुनाव में बहुमत हासिल कर लेंगे और नई सरकार बनाने की स्थिति में होंगे। उन्होंने नेशनल असेंबली में कहा, फ्रांस जैसा बड़ा देश खासकर इस संकटग्रस्त और खतरनाक दुनिया में, एक कागजी सरकार के साथ नहीं रह सकता।*

### भारत ने बेल्जियम से शेयर की सारी डिटेल्स

# चोकसी के प्रत्यर्पण की तैयारी तेज आर्थर रोड जेल होगा नया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक में 13,000 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में आरोपी हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में



गिरफ्तारी के चार महीने बाद भारत ने वहां की सरकार को एक आश्वासन पत्र भेजा है। इस पत्र में भारत ने कहा है कि अगर मेहुल चोकसी को भारत लाया गया, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड जेल परिसर में ही रखा जाएगा। मेहुल चोकसी को अप्रैल में बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था।

### गृह मंत्रालय ने लिखा पत्र

गृह मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा, महाराष्ट्र सरकार की एक रिपोर्ट के आधार पर, केंद्र सरकार ने भरोसा दिलाया है कि मेहुल चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा।

### पीएम मोदी एनडीए सांसदों की बैठक को किया संबोधित

# दिवाली तक 'स्वदेशी मेला' आयोजित करें एनडीए के सांसद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एनडीए सांसदों की बैठक में 'वोकल फॉर लोकल' के नारे पर जोर देते हुए सांसदों से दिवाली तक 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की।

मोदी ने यह भी कहा कि सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापारियों से मुलाकात करें और जीएसटी दरों में कटौती को लेकर सरकार की पहल का संदेश जनता तक पहुंचाएं। पीएम मोदी ने संसदीय दल की बैठक में सांसदों को समझाया कि 'स्वदेशी मेला' से छोटे कारीगरों, हस्तशिल्पकारों और स्थानीय उद्योगों को नया मंच मिलेगा।



### देश के भविष्य की सुरक्षा

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 'आत्मनिर्भर भारत' केवल आत्मनिर्भरता का विचार नहीं है बल्कि देश के भविष्य की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि जब भारतीय उत्पादों की खपत बढ़ेगी तो न केवल रोजगार के अवसर पैदा होंगे बल्कि विदेशी आयात पर निर्भरता भी घटेगी। मोदी ने कहा कि चाहे निवेश कोई भी करे, उत्पादन भारतीय होना चाहिए और यही 'स्वदेशी मंत्र' है।

### जीएसटी दर कटौती से बाजार में सकारात्मक माहौल

पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी दर कटौती से बाजार में सकारात्मक माहौल बना है, जिसे जनता तक पहुंचाना जरूरी है। पीएम स्वनिधि योजना के विस्तार और गरीबों-छोटे व्यापारियों तक लाभ पहुंचाने की बात भी कही। उन्होंने एनडीए सांसदों से देशभर में 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने की अपील की है, ताकि मेड-इन-इंडिया उत्पादों को प्रोत्साहन मिले और लोगों को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ बैठकें करके इस कदम का लाभ समझाया जाए और लोगों को भरोसा दिलाया जाए कि सरकार उनके साथ है।

### 'वोकल फॉर लोकल' पर बल

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 28 अगस्त को हुई कैबिनेट बैठक में भी 'वोकल फॉर लोकल' पर बल दिया था। उस समय उन्होंने मंत्रियों से कहा था कि लोग ज्यादा से ज्यादा 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदें और दुकानदार 'स्वदेशी वस्तु उपलब्ध है' के बोर्ड लगाएं। मोदी ने उस बैठक में कहा था कि भारत किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है और इसके लिए आत्मनिर्भरता सबसे बड़ा हथियार है।

# कहीं राष्ट्रपति देश से भागे तो कहीं तानाशाह को छोड़नी पड़ी गद्दी

## बांग्लादेश-श्रीलंका से लेकर मिस्र-ईरान तक युवाओं-छात्रों ने हिला दी हुकूमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेपाल में जेन जी सोशल मीडिया बैन हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह पहला आंदोलन नहीं है जब युवाओं ने अपनी मांगों के खिलाफ आवाज उठाई हो। इससे पहले भी बांग्लादेश, श्रीलंका, चीन, मिस्र, ईरान जैसे विभिन्न देशों में आंदोलनों ने सरकार की चूलें हिला दीं। युवाओं के ऐसे कई आंदोलन रहे हैं जिनकी गूंज आज भी लोगों को याद है।

### बांग्लादेश का हिंसक आंदोलन

बांग्लादेश में हिसंक छात्र आंदोलन के चलते पांच अगस्त, 2024 को शेख हसीना की अगुआई वाली अवामी लीग की शेख हसीना सरकार अपदस्थ कर दी गई थी। बांग्लादेश में भी भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन भड़क उठे थे, जब सड़कों पर हजारों छात्र उतर आए थे। बांग्लादेश में अब मोहम्मद यूनुस सरकार है, जिस पर आर्मी की तलवार लटकी रहती है।

## नेपाल में चल रहे आंदोलन से याद आया एक बार फिर चीन का 'थियामेन चौक'

### श्रीलंका : राष्ट्रपति आवास छोड़कर भागे

श्रीलंका में भी 2022 में युवाओं के प्रदर्शन से तख्तापलट हो गया। आर्थिक संकट और महंगाई से नाराज जनता ने राष्ट्रपति भवन तक घेर लिया था। परेशान जनता सड़कों पर उतर आई है और राष्ट्रपति भव्जा कर लिया। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे अपना आवास छोड़कर भाग गए।

### मिस्र की युवा क्रांति

यहां युवाओं के आंदोलन ने 30 सालों तक राज कर रहे तानाशाह हुस्नी मुबारक को अपना पद छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। बढ़ते भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गरीबी और स्वतंत्रता की कमी के खिलाफ लाखों युवा तहरीर स्क्वायर (काहिरा) और अन्य शहरों में सड़कों पर उतर आए थे। आखिरकार 25 जनवरी 2011 को मुबारक को अपनी गद्दी छोड़नी पड़ी थी।



### ट्यूनीशिया की जैसमीन क्रांति

यहां के युवाओं ने भी गरीब पर हुए अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। जैसमीन क्रांति उत्तरी अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में हुआ एक बड़ा जन आंदोलन था, जिसने पूरे अरब जगत में 'अरब स्प्रिंग' की नींव रखी था। राजनीतिक दमन के खिलाफ 2010 में शुरू हुआ एक लोकप्रिय विद्रोह था, जिसने राष्ट्रपति ज़ीन अल-अबिदीन बेन अली को 2011 में पद छोड़ने पर मजबूर कर दिया।

### ईरान का हिजाब विरोध

सितंबर 2022 में हिजाब ना पहनने को लेकर एक महिला को मौत के घाट उतार दिया गया था। इसके बाद ईरान की युवा महिलाओं ने इसके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कई जगहों पर इन प्रदर्शनों में पुरुष भी शामिल हुए। यह आंदोलन सिर्फ 'हिजाब' तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकारी तानाशाही, धार्मिक कट्टरपंथ और महिलाओं की स्वतंत्रता के खिलाफ एक बड़े विद्रोह में बदल गया। आज भी यह विरोध पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

### हांगकांग प्रोटेस्ट

हांगकांग प्रोटेस्ट को हाल के दशकों में युवाओं का सबसे बड़ा प्रोटेस्ट कहा जाता है। 2019 का यह आंदोलन प्रत्यर्पण विधेयक और चीन के बढ़ते दखल के खिलाफ किया गया था। इस बिल में हांगकांग में जितने भी संदिग्ध अपराधी थे उन्हें चीन भेजे जाने का प्रावधान था। ये बिल आने के बाद वहां के युवाओं को लगा कि अगर ऐसा हुआ तो चीन सरकार राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और एक्टिविस्टों को दबाने के लिए इसका फायदा उठा सकती है।

### चीन में छात्रों पर चढ़ा दिए गए थे टैंक

चीन में थियानमेन चौक नरसंहार को आज भी दुनिया याद करके सिहर उठती है। 3 और 4 जून की रात, 1989 को चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने थियानमेन चौक पर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर टैंक चढ़वा दिए थे। इस दर्दनाक घटना में करीब 10 हजार छात्रों की जान गंवानी पड़ी थी।

## खबर संक्षेप

### योगी ने सीबीआई को सौंपी सरकारी भर्तियों की जांच



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार के शासनकाल के दौरान हुई सरकारी भर्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गड़बड़ियों की वजह से उनकी सरकार ने बहुत सारी भर्तियों की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर भर्तियों में धांधली किये जाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा, भर्तियों में गड़बड़ी हुई है।

### इजरायलः गोलीबारी में 5 मरे, दो हमलावर भी ढेर

**तेल अवीव।** इजरायल के यरुशलम के एक प्रमुख चौराहे पर हुई गोलीबारी में चार लोग मारे गए और कम से कम 15 अन्य घायल हो गए। इजराइली इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के चीफ मैगन डेविड एडोम ने बताया कि घायलों में से कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं मरने वाले लोगों में से एक की उम्र 50 साल थी और बाकी की उम्र 30 साल थी। पुलिस ने कहा कि दो हमलावरों को मार गिराया गया है। टॉइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि यरुशलम के रामोट जंक्शन पर गोलीबारी करने वाले आतंकवादी पश्चिमी तट के फिलिस्तीनी हैं।

### गडकरी ने सबसे अच्छा काम किया : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सराहना करते हुए कहा कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार में गडकरी ने 'सबसे अच्छा काम किया है' और वह सबसे अच्छा वक्ता भी हैं। वह किसी के प्रति द्वेषपूर्ण बातें नहीं करते हैं, इसीलिए उन्हें दरकिनार किया गया है।' भाजपा में जो सही लोग हैं, वे हाशिये पर हैं, जबकि जो गलत हैं वे मुख्य धारा में हैं। चौधरी ने कहा, 'गडकरी को मंत्री बनाना मजबूरी है, वरना मंत्रिमंडल काम नहीं करेगा। जादू का असर होता है। अगर गडकरी नहीं होंगे तो सरकार गिर जाएगी।

## चुनाव आयोग को सुप्रीम आदेश, आधार माना जाए 12वां दस्तावेज

# बिहार एसआईआर, पहचान पत्र के रूप में स्वीकार किया जाएगा अब आधार

*बिहार की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अहम आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि अब आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाए, जिसे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पहचान प्रमाण के तौर पर पेश किया जा सकता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मामले पर सुनवाई की। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वह अपने अधिकारियों को निर्देश जारी करे कि आधार को पहचान पत्र के रूप में स्वीकार करें। अधिकारियों को यह अधिकार होगा कि वे आधार कार्ड की प्रामाणिकता और असली होने की जांच कर सकें। इस पर चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि आधार को पहचान पत्र के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

### कोर्ट ने यह भी साफ किया कि नागरिकता का प्रमाण नहीं है आधार




### राजद की ओर से कपिल सिब्बल ने पेश की दलीलें

आरजेडी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखा। कपिल सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेशों के बावजूद निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी और बीएलओ आधार को अकेले दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं कर रहे। सिब्बल ने कोर्ट में उन मतदाताओं के शपथपत्र भी दाखिल किए, जिनके आधार को स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने कहा, 'आधार सबसे सार्वभौमिक दस्तावेज है। अगर उसे नहीं मानेंगे तो किस तरह की शामिलीकरण प्रक्रिया कर रहे हैं? ये गरीबों को बाहर करना चाहते हैं।'

### चुनाव आयोग की ओर से राकेश द्विवेदी ने रखा पक्ष

चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि आधार नागरिकता का सबूत नहीं है, लेकिन पहचान प्रमाण के रूप में इसे स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग ने इस बारे में विज्ञापन भी जारी किए हैं। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि आयोग की सूची में शामिल 11 दस्तावेजों में से केवल पासपोर्ट और जन्म प्रमाणपत्र ही नागरिकता का सबूत हैं, बाकी किसी से भी नागरिकता साबित नहीं होती।

### आयोग ने अब तक इन्हें दी थी मान्यता

- 1. केंद्र, राज्य सरकार एवं सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मियों के पहचान पत्र, पेंशन भुगतान आदेश
- 2. एक जुलाई 1987 के पूर्व सरकारी, स्थानीय प्राधिकार, बैंक, पोस्टऑफिस, एलआईसी एवं पब्लिक सेक्टर उपक्रमों से जारी आईकार्ड, दस्तावेज
- 3. सक्षम प्राधिकार से जारी जन्म प्रमाणपत्र
- 4. पासपोर्ट
- 5. मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालय से जारी मैट्रिक व अन्य शैक्षिक प्रमाणपत्र
- 6. स्थायी आवासीय प्रमाणपत्र
- 7. वन अधिकार प्रमाणपत्र
- 8. सक्षम प्राधिकार द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी जाति प्रमाणपत्र
- 9. राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां उपलब्ध हो)
- 10. राज्य/स्थानीय प्राधिकार द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर
- 11. सरकार का कोई भूमि/मकान आवंटन प्रमाणपत्र

### राजद ने लगाए ये आरोप

*राजद और अन्य याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि आधार कार्ड दिखाने पर लोगों को मतदाता सूची में शामिल किया जाए। इन याचिकाओं पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आदेश जारी किया। राजद की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दावा किया कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद बूथ लेवल अधिकारी आधार कार्ड को स्वीकार नहीं कर रहे थे। सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपने अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी नहीं किए।*

## सच से सामना हुआ तो फिर भारत पर भड़के ट्रंप के सलाहकार

# नवारो ने रूसी तेल पर भारत के मुनाफे को बताया 'ब्लड मनी'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत को लेकर विवादित बयान दिया है। नवारो ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत के रूस से ऊर्जा व्यापार को निशाना बनाया और कई आरोप लगाए। नवारो ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदकर 'खून का सौदा' कर रहा है। उन्होंने एक पोल भी डाला और सवाल किया कि क्या एक्स को ऐसे बयानों को 'विविध दृष्टिकोण' कहकर दिखाना चाहिए। इसके जवाब में एक्स ने उनके दोनों पोस्ट पर फैक्ट-चेक लगाते हुए साफ किया कि नवारो के दावे गुमराह करने वाले हैं। लगातार फैक्ट-चेक से नाराज नवारो ने एलन मस्क पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि मस्क भारत सरकार के 'प्रचार' को बढ़ावा दे रहे हैं और यह 'सच को दबाने की कोशिश' है। नवारो ने लिखा, 'भारत रूस का तेल सिर्फ मुनाफे के लिए खरीद रहा है। यह युद्ध भारत के कारण लंबा खिंच रहा है।' एक्स ने लिखा, 'भारत की ओर से रूस से तेल खरीदना ऊर्जा सुरक्षा के लिए है, न कि सिर्फ मुनाफे के लिए, और यह प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं करता। हालांकि भारत पर कुछ टैरिफ हैं, लेकिन अमेरिका का रूस के साथ सेवाओं के मामले में व्यापार सरप्लस है।

### एक्स पर निशाना

नवारो ने लिखा, 'पिछली पोस्ट में आप देख सकते हैं कि इंडियन स्पेशल इंटरेस्ट भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के झूठ के साथ घरेलू बातचीत में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहे हैं। क्या एक्स को इस बकवास को 'विभिन्न दृष्टिकोणों' की टिप्पणियों के रूप में सामने लाना चाहिए?' एक्स की ओर से दो बार फैक्ट चेक किए जाने के बाद नवारो ने लिखा, 'एक्स की और बकवास. फैक्टः रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले भारत ने बड़ी मात्रा में रूसी तेल नहीं खरीदा था। यह खून का पैसा है और लोग मर रहे हैं।'

### ट्रंप की नरम भाषा, नवारो का सख्त लहजा

दिलचस्प बात यह है कि जहां डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दोस्त' बताते हुए भारत-अमेरिका संबंधों को 'विशेष' कहा, वहीं नवारो लगातार भारत के खिलाफ आक्रामक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने पहले भारत को 'महाराजा ऑफ टैरिफ' कहा, 'क्रेमलिन का लॉन्ड्रोमैट' बताया और यहां तक कि यूक्रेन युद्ध को 'मोदी का युद्ध' तक कहा।

## मारे जा चुके हैं अब तक 60 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी नागरिक

# ट्रंप की 'लास्ट वार्निंग' के बाद हमास तत्काल बातचीत को राजी

एजेंसी ▶▶| गाजा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आतंकी संगठन हमास को 'लास्ट वार्निंग' का तत्काल असर दिखा है। ट्रंप ने हमास को चेतावनी देते हुए कहा था कि उन्हें तत्काल बातचीत शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग चाहते हैं कि 'बंधक' घर लौट जाएं। ट्रंप ने हमास को आखिरी चेतावनी देते हुए कहा था कि ये उनकी आखिरी चेतावनी है। इसके बाद हमास ने कहा है कि वे बातचीत की टेबल पर तत्काल बैठने को तैयार हैं। इजरायल-हमास जंग 7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुई है। लगभग दो साल पूरे होने आए इस जंग से अभूतपूर्व तबाहियां हुई हैं। इस जंग में अब तक 60 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।



### हमास के कब्जे में कितने बंधक

सितंबर 2025 तक हमास और अन्य फिलिस्तीनी आतंकवादी समूहों द्वारा गाजा में कुल 48 बंधकों को बंधक बनाकर रखा गया है, जिनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है। इनमें से अधिकांश इजरायली हैं, जिनमें दोहरी अमेरिकी-इजरायली दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति, एक थाई और एक नेपाली नागरिक शामिल हैं।

### बातचीत की मेज पर बैठने को तैयार

हमास ने ट्रंप के ऑफर की गंभीरता को समझते हुए तुरंत जवाब दिया, 'हम युद्ध समाप्त करने की स्पष्ट घोषणा, गाजा पट्टी से पूरी तरह से सैनिकों की वापसी और गाजा पट्टी को चलाने के लिए स्वतंत्र फिलिस्तीनियों की एक समिति के गठन के बदले सभी कैदियों की रिहाई पर बातचीत के लिए तुरंत बातचीत की मेज पर बैठने को तैयार है।' बयान में यह भी कहा गया है कि उसे 'अमेरिकी पक्ष से युद्धविराम के उद्देश्य से कुछ सुझाव मिले हैं।'हमास का कहना है कि वह 'इन विचारों को हमारी मांगों के अनुरूप एक व्यापक समझौते में बदलने के लिए मध्यस्थों के साथ लगातार संपर्क में है।'

## वर्ल्ड प्रोटेस्ट डे...



**कोलकाता।** 'वॉयस ऑफ अभया, वॉयस ऑफ विमेन' समूह के सदस्यों ने 'विश्व विरोध दिवस' पर मोमबत्ती जलाकर कोलकाता, बंगाल में 8 सितंबर को तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। वे 'अभया' (आरजी कर बलात्कार मामले की पीड़िता का नाम) के लिए न्याय और महिलाओं की गरिमा की रक्षा की मांग कर रहे थे।

## सिक्किम में पैरा-एसएफ और मारकोस कमांडो ने दिखाया कौशल

# 17000 फीट की ऊंचाई पर युद्ध-डाइविंग प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना के पारा (स्पेशल फोर्सेस) और नौसेना के मरीन कमांडो (मारकोस) ने 30 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक सिक्किम में 17000 फीट की ऊंचाई पर एक संयुक्त स्कूबा और युद्ध डाइविंग प्रशिक्षण आयोजित किया। यह प्रशिक्षण ठंडे पानी और मुश्किल इलाकों में हुआ, जिसने हमारे सैनिकों की हिम्मत, कौशल और एकजुटता को दिखाया। यह संयुक्त प्रशिक्षण सिक्किम के ऊंचे पहाड़ों में हुआ, जहां हवा पतली और पानी बर्फ जैसा ठंडा था। पारा (एसएफ) और मारकोस ने 17 मीटर गहरे पानी में कई तरह की डाइविंग की। यह प्रशिक्षण कठिन था क्योंकि ऊंचाई और ठंड ने सैनिकों की शारीरिक और मानसिक ताकत की परीक्षा ली। फिर भी दोनों बलों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे उनकी पेशेवर क्षमता सामने आई। यह अभ्यास न सिर्फ डाइविंग कौशल को बेहतर करता है, बल्कि सेना और नौसेना के बीच एकजुटता को भी बढ़ाता है। इससे भारत की विशेष बलों की ताकत और मिशन के लिए तैयारियां मजबूत होती हैं।




### प्रशिक्षण की खासियत

- ओपन सर्किट एयर डाइविंग : सामान्य ऑक्सीजन टैंक के साथ डाइविंग
- क्लोज्ड सर्किट प्योर ऑक्सीजन डाइविंग : विशेष उपकरणों से बिना बुलबुले बनाए डाइविंग
- रात में युद्ध डाइविंग : अंधेरे में युद्ध के लिए डाइविंग
- ठंडे पानी में डाइविंग : बर्फीले पानी में मिशन करने की प्रैक्टिस

### सेना की खास ईकाई है पारा

पारा (एसएफ) भारतीय सेना की सबसे खास इकाई है, जो ऊंचाई वाले युद्ध और आतंकवाद विरोधी मिशनों में माहिर है। वहीं, मारकोस नौसेना की कुलीन इकाई है, जो समुद्र, हवा और जमीन पर मिशन करती है। दोनों का यह संयुक्त प्रशिक्षण दिखाता है कि भारत की सेनाएं हर तरह के इलाके में लड़ने के लिए तैयार हैं।

### समंदर का भूत मारकोस

टीम कमांडर ने कहा कि ऐसी कठिन परिस्थितियों में प्रशिक्षण सैनिकों की हिम्मत, कौशल और मानसिक ताकत की पूरी परीक्षा लेता है। यह सुनिश्चित करता है कि हमारे जवान किसी भी मुश्किल माहौल में प्रभावी ढंग से काम कर सकते हैं। यह अभ्यास हमारी सेनाओं की एकजुटता और हर चुनौती के लिए तैयार रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मारकोस जिन्हें समंदर का भूत भी कहा जाता है। पारा (एसएफ) ने मिलकर दिखाया कि वे हिमालय की ऊंचाइयों से लेकर गहरे समुद्र तक हर जगह मिशन को अंजाम दे सकते हैं।


## पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं

# 'नेता हैं तो मोटी होनी चाहिए चमड़ी' रेड्डी के खिलाफ याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार अभियान के दौरान दिए गए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के भाषण को लेकर उनके खिलाफ याचिका खारिज कर दी। हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली प्रदेश बीजेपी की ओर से दायर की गई थी। चीफ जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा हम बार-बार कह रहे हैं कि इस अदालत का इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाई के लिए न करें। याचिका खारिज की जाती है। अगर आप नेता हैं, तो आपकी चमड़ी मोटी होनी चाहिए। तेलंगाना हाई कोर्ट ने एक अगस्त को रेड्डी की याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें हैदराबाद की एक निचली अदालत में लंबित मामले की सुनवाई को रद्द करने का अनुरोध किया गया था।


GLOBAL STAR HOSPITAL
CHOOSE ACCURACY & PRECISION
CHOOSE ROBOTIC KNEE REPLACEMENT
"VELYS" The World's Most Advanced Robotic Surgery Technology by Johnson&Johnson
MINIMAL PAIN
MINIMAL BLOOD LOSS
MINIMAL BONE LOSS
WALK WITHIN HOURS OF SURGERY
WORLD CLASS ROBOT
GREATER COMPONENT ACCURACY
BEST-IN-CLASS IMPLANTS
रोबोटिक घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
FASTER RECOVERY TIME
BEFORE SURGERY
AFTER SURGERY
VELYS
सेवाएं उपलब्ध
• ट्रॉमा सर्जरी एवं आपातकाल
• अस्थि रोग चिकित्सा एवं जोड़ प्रत्यारोपण
• किडनी रोग एवं डायलिसिस विंग
• मूत्र रोग एवं पथरी का ईलाज
• गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं एंडोस्कोपी
• न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी
• सामान्य एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• स्त्री रोग एवं प्रसुति की सुविधा
• शिशु रोग चिकित्सा विभाग
• दंत रोग चिकित्सा विभाग
• प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
150 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
5,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
डॉ. जयवर्धन सिंह
एमबीबीएस, एम.एस (आर्थो)
रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डॉ. प्रकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एम.एस (आर्थो)
बोन एवं ट्रामा सर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन
ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल
0771-3104444/45, 9977746619
9039114111, 6265421645
दीनदयाल उपाध्याय नगर, रिंग रोड -1, डी मार्ट के पास, रायपुर (छ.ग.)

चिंतन

# युवा शक्ति की ताकत को समझें सरकारें

जब भी राजतंत्र असफल होता है, समस्याएं विकराल होने लगती है तो सबसे पहले युवा पीढ़ी मुखर होती है। बात चाहे श्रीलंका की हो, बांग्लादेश की या फिर अब नेपाल की। युवा बगावत का ऐसा बिगुल फूंकते हैं कि सरकारें असमर्थ नजर आती है। नेपाल में ओली सरकार के खिलाफ युवाओं ने बगावत कर दी है। राजधानी काठमांडू में युवा बेकाबू हो गए और चीन समर्थित ओली सरकार घुटनों पर आ गई। युवाओं को कंट्रोल करने के लिए पहले पुलिस ने लाठिया भांजी, फिर पहुंची सेना ने गोली चला दी, जिसमें अभी तक 20 युवाओं की मौत हो गई। सबसे ज्यादा हैरानी की बात तो यह कि प्रदर्शनकारी छात्र रोष जता रहे थे कि अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिए हैं, लेकिन चीनी सोशल मीडिया एक्टिव हैं। इस प्रदर्शन को शुरू करने के लिए भी चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया गया। असल में नेपाल में अचानक शुरू हुए इस प्रदर्शन के पीछे की वजह ओली सरकार का हालिया फैसला है। सरकार ने नियमों का हवाला देकर 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। जिनमें यूट्यूब, फेसबुक और ट्विटर भी शामिल थे। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार का कहना था कि इन कंपनियों ने नेपाल सरकार के साथ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं की, इसलिए यह कार्रवाई करनी पड़ी। लेकिन छात्रों और युवा वर्ग का आरोप है कि यह फैसला उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। युवाओं का कहना है सरकार अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए उनके आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। दरअसल, साल 2020 से ही नेपाल की सुप्रीम कोर्ट में सोशल मीडिया कंपनियों के बिना लाइसेंस विज्ञापन और सामग्री प्रसारण को लेकर कई याचिकाएं लंबित थीं। पिछले दिनों नेपाली सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि सभी विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म देश में ऑपरेट करने के लिए कानूनी अनुमति और रजिस्ट्रेशन करवाएं। इसके बाद नेपाल के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुङ के नेतृत्व में एक हाई लेवल बैठक की गई। जिसमें सभी गैर-रजिस्टर्ड प्लेटफॉर्म्स को सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया। बावजूद इसके डेडलाइन बीतने के बाद भी फेसबुक, मेटा, एक्स, यूट्यूब और लिंक्डइन जैसी कंपनियों ने नेपाल सरकार से कोई बातचीत नहीं की। इसी से गुस्साई सरकार ने चार सितंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अचानक लगे बैन ने युवाओं को हैरान कर दिया। आज के जमाने में जब लोगों के हाथों से एक सेकंड फोन नहीं छूट पाता, वहां बिना सोशल मीडिया के जिंदगी की कल्पना करना भी मुश्किल है। बैन लगा तो युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा। वैसे भी वे लंबे समय से ओली सरकार के खिलाफ मुखर हो रहे थे। इस कदम ने उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया। आंदोलनकारियों ने सीधे संसद पर हमला किया था। बांग्लादेश में भी यही मॉडल था। हजारों की संख्या में छात्रों ने संसद को घेर लिया। हजारों की संख्या में युवाओं ने राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए और भ्रष्टाचार बंद करो, सोशल मीडिया बैन हटाओ जैसे नारे लगाते हुए संसद का घेराव किया। इशारा साफ है कि युवा किसी भी सरकार की मनमानी सहने को तैयार नहीं है। दुनिया में कहीं भी हो वो मुखर हो रहे हैं और अपने अधिकार लेकर दम ले रहे हैं। ऐसा ही नेपाल में भी हुआ, सरकार को तुरंत कड़े फैसले लेने पड़े। उम्मीद करें कि नेपाल को देखकर दुनियाभर की सरकारें युवाओं की ताकत को समझेंगी।



स्वदेशी चिप
रोहित माहेश्वरी

# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

> भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में गिगज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है।


भारत बीते दिनों पहली 'मेड इन इंडिया' चिप, जी हां भारत ने 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर सेमीकॉन इंडिया 2025 लॉन्च की गई। भारत में बनी यह पहली स्वदेशी चिप है। इस चिप का नाम है विक्रम। इस चिप को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। किसी भी देश के लिए ये गर्व का क्षण है। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। यह भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बताना अहम है कि दुनिया भर में बनने वाली चिप डिजाइनिंग का 20 प्रतिशत काम भारत में होता है।

कुछ साल पहले तक भारत में चिप निर्माण को असंभव मान लिया गया था, लेकिन अब इस साल से भारत में चिप का कमर्शियल निर्माण होने लगेगा। मतलब डेटा प्रोसेसिंग, स्टोरेज, कंट्रोल्स और कम्युनिकेशन्स जैसे कामों को अंजाम देने वाला सेमीकंडक्टर न सिर्फ मोबाइल, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए अहम साबित होगी, बल्कि खेती-किसानी में भी किसानों को बड़ी राहत देगी। स्मार्ट सिंचाई, फसल की निगरानी और मौसम पूर्वानुमान जैसी आधुनिक तकनीकों में इसका उपयोग खेती की तस्वीर बदल सकता है। कुछ सालों में भारत इस चिप का निर्यातक भी बन जाएगा।

इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने विक्रम प्रोसेसर को बनाया है। यह भारत का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है। यह लॉन्चिंग के दौरान मुश्किल हालातों में भी काम करने के लिए तैयार है। 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू होने के बाद से सिर्फ चार साल में भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना की घोषणा की है। इसमें से लगभग 65,000 करोड़ रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं।

अभी चिप के लिए भारत पूरी तरह से आयात पर निर्भर करता है। अभी दुनिया में ताइवान, अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया जैसे देश चिप का निर्माण करते हैं। ऑटोमोबाइल और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। लेकिन मोबाइल फोन, आईटी और औद्योगिक उपयोग अभी भी सबसे ज्यादा कमाई वाले सेक्टर हैं। इन तीनों से लगभग 70 प्रतिशत तक होती है।

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। वर्तमान में चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन



कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं।

दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिए डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिए जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटेलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूटर करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है।

हमारे देश में 1962 के प्रयास किया गया था सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग का एक इकोसिस्टम बने, जो पॉलिसी रही उस समय कि वो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में सेमीकंडक्टर का एक अच्छा इकोसिस्टम बन रहा है। भारत में इनकी बढ़ती मांग से नौकरियों के नए अवसर भी पैदा होंगे। साल 2024-25 में भारत में सेमीकंडक्टर की खपत 52 अरब डॉलर की थी। अब 2030 तक इस मार्केट के 13 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक कार्रवाई से भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपोलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विचार
रवि शंकर



# मोहन युग में बदला बदला नजर आ रहा मध्यप्रदेश

पूऋग्वेद से ली गई एक संस्कृत सूक्ति "सम गच्छध्वं सम वदध्वं" जिसका अर्थ है कि हम सब एक साथ चलें, एक साथ बोलें और हमारे मन एक हों। यह संस्कृत सूक्ति एकता, सामंजस्य और आपसी समझ की भावना को बढ़ावा देने वाला है, ठीक वैसे ही जैसे प्राचीन देवता अपने-अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करते थे। इसी भावना के साथ काम करते हुए मध्यप्रदेश आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर गया है जिसे मोहन युग कहा जा सकता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेश की बागडोर संभाले हुए डेढ़ साल का समय हो गया है। बीते डेढ़ साल का आकंलन किया जाए तो डॉ. मोहन सियासी मोर्चे पर खुद को साबित करने के साथ-साथ प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने के मामले में भी सफल नजर आते हैं। लगभग दो दशक तक एक ही मुख्यमंत्री की छत्रछाया में रही प्रदेश की जनता के लिए एक नए मुख्यमंत्री को सहजता से स्वीकार कर पाना आसान नहीं था, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व और कार्य क्षमता की बदौलत सीएम मोहन यादव ने 18 महीने के भीतर ही प्रदेशवासियों में अपनी ऐसी छाप छोड़ी कि पार्टी आलाकमान भी उनका कायल हो गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर 2023 को राज्य की सत्ता संभालने के बाद से प्रदेश में कई अहम योजनाओं और पहलों को अमलीजामा पहनाया है। उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में कई क्षेत्रों में विकास की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। सीएम ने न केवल प्रशासनिक सुधार किए, बल्कि पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, उद्योग, निवेश,स्वच्छता और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी काम किया है। उन्होंने पिछली सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं को आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि कई नई योजनाओं की शुरुआत भी की। दरअसल, डॉ. मोहन यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सुशासन की प्राथमिकता को आगे बढ़ाते हुए विकास पर जोर दिया। यू कहें प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र 'ज्ञान'(गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी) के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रधानमंत्री मोदी के विजन को मिशन के रूप में धरातल पर लागू करने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लोक कल्याणकारी योजनाओं की निरंतरता बनाए रखते हुए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए निवेश पर फोकस किया, लेकिन संघ और बीजेपी की हिंदुत्व की लाइन को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। बेशक, मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनते ही उनके सामने कई चुनौतियां थी। जिसमें सबसे पहली चुनौती अपने काम के बल पर सफलता की नई कहानी लिखने की थी। तो दूसरी तरफ चाणक्य बनकर राजनीति की आड़ी तिरछी चालों से मुकाबला करना था। हालांकि, डॉ. यादव ने अपनी कूटनीति और रणनीति से हर चुनौतियों का डटकर सामना किया। डॉ. मोहन यादव ने जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती मध्य प्रदेश बीजेपी के ताकतवर नेताओं के कद्दावर कद के बीच में स्वयं को स्थापित करने की थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव न केवल सरकार चलाने में सफल साबित हुए,बल्कि राजनीतिक मोर्चे पर भी सफल रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव में जहां बीजेपी को यूपी जैसे राज्यों में काफी नुकसान का सामना करना पड़ा, वहीं मध्यप्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल कर विपक्ष और राजनीतिक पंडितों को हैरान कर दिया। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। यहां तक की देशभर में कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ों में शामिल रही मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर भी बीजेपी ने जीत हासिल की थी,यह काम बड़े-बड़े राजनीतिक धुंरधंर नहीं कर पाए थे,लेकिन मोहन यादव के नेतृत्व में बीजेपी ने 26 साल बाद कांग्रेस का सबसे मजबूत किला ढहा दिया। मोहन यादव ने प्रदेश की कमान संभालने के बाद निवेश पर सबसे ज्यादा फोकस किया,इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह सरकार लगभग हर महीने ही क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन करवा रही है। इंदौर,उज्जैन,रीवा और सागर जैसे शहरों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के जरिए करोड़ों का निवेश मध्य प्रदेश में आने वाला है। जबकि सीएम मोहन यादव के विदेश दौरे पर भी 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मध्य प्रदेश को मिले हैं। जिससे इस सरकार की उपयोगिता को समझा जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## विशाल बद्री के दर्शन



उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए सोमवार को खुले रहे। भक्तों ने बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए।

## आज की पाती

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश

कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है। *– सतीश पटेल, धमतरी*

## ट्रेंड

### गौरव का क्षण



बिहार में आयोजित एशिया कप 2025 में शानदार जीत के लिए हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाई। यह जीत इसलिए और भी खास है क्योंकि उन्होंने गत विजेता दक्षिण कोरिया को हराया है। यह भारतीय हॉकी के लिए गौरव का क्षण है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गलती को स्वीकारना



मिच्छामी दुक्कड़म। जाने-अनजाने में गत वर्ष अगर मुझसे कोई भी भूल-चूक हुई हो, तो मैं आप सभी से हृदय से क्षमा चाहता हूँ। सबसे क्षमा, सबको क्षमा, उत्तम क्षमा। क्षमा हृदय की सबसे बड़ी ताक़त है। क्षमावाणी पर्व हमें यही सिखाता है कि सच्चा साहस अपने अहंकार को छोड़कर गलती को स्वीकारना।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**


### मानस की यात्रा



तीन साल पहले कन्याकुमारी के सागर तट से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई थी। वह सिर्फ पैदल नहीं, बल्कि मानस की यात्रा थी। भारत को पुनः खोजने की यात्रा। 'दक्षिणायन' पर उस दिन कही बातें अब भी भीतर और बाहर की यात्रा में गूंज रही हैं।

**- योगेंद्र यादव, अध्यक्ष भारत स्वराज**

### मैं फैशन करूं




कल मिलने गया मां दुलारी को। शुरू हो गईं कि मैं लेफ्ट हैंड में कुछ नहीं पहनता हूँ। वो चाहती है की मैं फैशन करूं। राजू भाई साहब ने फुल पैंट पहनी हुई थी। मां के नज़रिए से राजू ने वेट भी कम किया है।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# गुयाना के राष्ट्रपति अली ने दूसरी बार शपथ ली



गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने पिछले सप्ताह हुए चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद रविवार को दूसरी बार पद की शपथ ली। चुनाव आयोग ने अली की जीत की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने 'भारी बहुमत' से चुनाव जीता है और उनकी 'पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी' ने संसद की 65 में से 36 सीट पर जीत हासिल की है। उनकी यह जीत ऐसे वक्त में हुई है जब यह दक्षिण अमेरिकी देश अपतटीय तेल और गैस उत्पादन से अप्रत्याशित लाभ कमा रहा है। ब्राजील, वेनेजुएला और सूरीनाम के बीच स्थित गुयाना ने एक दशक पहले अपतटीय क्षेत्र में खोजे गए विशाल तेल भंडारों और खनिज संपदा के कारण अधिकाधिक ध्यान आकर्षित किया है। अली को तेल संपदा का कुछ हिस्सा सामाजिक योजनाओं में लगाने के लिए सराहना मिली है। शपथ ग्रहण भाषण में 45 वर्षीय अली ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया और कहा कि आने वाले पांच वर्ष देश के लिए निर्णायक होंगे। उन्होंने मुफ्त उच्च शिक्षा, पेंशन दोगुनी कर 500 अमेरिकी डॉलर करने और अगले वर्ष तक बिजली बिल आधा करने का वादा किया। चुनाव में उनका मुकाबला 38 वर्षीय व्यापारी अजरुद्दीन मोहम्मद से था, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप में अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए हैं।

## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे : खगोलशास्त्री संभवत : इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वाज़र्चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

शहरभर से निकलने वाले कूड़ा से रामकी कंपनी द्वारा बिजली बनाने संबंधी प्रस्ताव को एक साल बाद भी केंद्र सरकार ने अनुमति नहीं मिल पाई है। केंद्र सरकार की वेस्ट टू एनर्जी योजना में रायपुर नगर निगम ने कचरे से 8 मेगावाट बिजली बनाने 350 करोड़ का प्लांट लगाने केन्द्र सरकार के पास प्रपोजल भेजा।

# कचरे से बिजली बनाने के प्रस्ताव को केंद्र से नहीं मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पहले फेज में बिलासपुर नगर निगम को कंपोस्ट बायोगैस प्लांट लगाने ग्रांट देने की मंजूरी केन्द्र से मिली और इसके लिए उससे डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मंगाई गई, पर रायपुर नगर निगम का सेकेंड फेज में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का प्रपोजल अब तक लंबित है। दरअसल, अरबन डेवलपमेंट सिटीज 2 के तहत केन्द्र सरकार की वेस्ट टू एनर्जी योजना के तहत नगरीय निकाय को केन्द्र से फंड देने की व्यवस्था है। रायपुर नगर निगम की ओर से रामकी कंपनी ने शहरभर से निकलने वाले कूड़ा से बिजली बनाने का 350 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार कर केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा। इसमें 135 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार से मिलता, जबकि बाकी की राशि राज्य शासन और नगर निगम से मिलना है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक फंड का आधा हिस्सा लोन के रूप में होगा, जिसे भुगतान करना है। इस प्रोजेक्ट में रायपुर नगर निगम को 60 करोड़ का ग्रांट भी मिलना प्रस्तावित रहा।

विशेष खबर

## वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के लिए 350 करोड़ का भेजा था प्रस्ताव



प्रस्ताव भेजा था, मंजूरी नहीं मिल पाई

कूड़ा से बिजली बनाने 350 करोड़ का प्लांट लगाने केंद्र के पास प्रस्ताव भेजा गया था, इसकी मंजूरी नहीं मिल पाई है।
- **योगेश कडू**, सहायक नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन

- रेवेन्यू शेयर मॉडल पर कचरे से बिजली बनाने की योजना
- कूड़े का एक साथ होता निपटारा
- प्रदूषण की समस्या से राहत
- रायपुर और नवा रायपुर से निकलने वाले कूड़ा से बिजली बनाने का प्लान
- केन्द्र सरकार से फंडिंग
- रामकी शहर में 8 मेगावाट का प्लांट लगाने तैयार
- शहर की सफाई का ठेका लेने वाली कंपनी रामकी ने हैदराबाद में 24 मेगावाट और दिल्ली में 24 मेगावाट का प्लांट, मुंबई में भी 100 मेगावाट की बिजली का प्लांट लगाया है।

### डायरेक्टर शशांक चोपड़ा पर रिश्तेदारों के नाम दर्जनभर फर्जी फर्म बनाने का आरोप

# ईओडब्लू, ईडी के बाद मोक्षित पर डीजीजीआई का शिकंजा, 28.46 करोड़ की टैक्स चोरी का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**दो रुपये से कम में मिलने वाले ईडीए ट्यूब को 2370 रुपये में सरकार को सप्लाई करने सहित अरबों के घोटाले में फंसे मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा की मुसीबत और बढ़ गई है। रीएजेंट और उपकरण घोटाले में ईओडब्लू, मनी लांड्रिंग के आरोप में ईडी की जांच के बीच 28.46 करोड़ के इनपुट टैक्स क्रेडिट चोरी के आरोप में डीजीजीआई ने 150 पन्नों का नोटिस थमाया है।**

मेसर्स मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक पर आरोप है कि उसने फर्जी इनवॉइस के जरिए जीएसटी की चोरी की है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई), रायपुर जोनल यूनिट ने पिछले साल फरवरी से शुरू की गई जांच में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कई फर्मों के ठिकानों पर तलाशी और निरीक्षण किया था। इस दौरान यह पता चला था कि रिश्तेदारों के नाम पर बनाए गए 85 फर्जी फर्म के जरिए आईटीसी का दुरुपयोग कर मनी लांड्रिंग की गतिविधियों का संचालन किया गया। इसके 200 बैंक एकाउंट का उपयोग कर 162.22 करोड़ रुपये का कारोबार संचालन किया। इस मामले में मेसर्स मोक्षित कार्पोरेशन को 150 पन्नों का नोटिस भेजकर 28.46 करोड़ के टैक्स की मांग की गई।

खास खबर

### मशीनें अभी भी लॉक

रीएजेंट और उपकरण घोटाले के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में भेजी गई एचबी मशीन के उपयोग अब तक शुरू नहीं हो पाया है। मामला सामने आने के दौरान कथित तौर पर कंपनी के इंजीनियरों द्वारा इन मशीनों को कोडवर्ड से लॉक कर दिया था। कोडवर्ड के बिना मशीन का खुलना संभव नहीं है। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे है मगर सफलता अब तक नहीं मिली है। दूसरी ओर कंपनी द्वारा बिना सुविधा वाले स्वास्थ्य केंद्रों में जबरिया ठूंसे गए रीएजेंट के एक्सपायर होने का दौर जारी है। अब तक तीस करोड़ के करीब के रीएजेंट खराब हो चुके है। रीएजेंट का उपयोग बड़ी बीमारी की जांच में होता है मगर जिन प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी सप्लाई की गई थी वहां या तो मशीन नहीं थी या फिर उसे चलाने टेक्निकल स्टाफ नहीं था।


660 करोड़ के रीएजेंट घोटाले में ईडी की एंट्री... मोक्षित पर मनी लाड्रिंग का संदेह


सीधी फ्लाइट की सुविधा नहीं, फिर भी मशीन के साथ पहुंची कंपनी, ईओडब्लू के चालान में उल्लेख संभव नहीं

डेमोंस्ट्रेशन के लिए 'शक्तिमान' की तरह प्रकट हो गई थी हरियाणा की कंपनी

मोक्षित कार्पोरेशन की साजिश, दूसरी कंपनी की मशीन पर स्टीकर चिपकाकर प्रदर्शन, ओके भी हो गया

### जेल में हैं डायरेक्टर शशांक

रीएजेंट और उपकरण खरीदी घोटाले में ईओडब्लू द्वारा सबसे पहले मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया गया था। वह अभी भी जेल में हैं। इसके बाद जांच टीम ने स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी से जुड़े अधिकारियों को भी दबोचा। गंभीर आर्थिक मामलों में संलिप्त होने की वजह से किसी को जमानत का लाभ नहीं मिल पाया है।

### ईडी ने अटैच की लक्जरी कार

इस मामले में ईडी अपने स्तर पर जांच कर रही है। उनके द्वारा इस घोटाले के मास्टर माइंड मोक्षित कार्पोरेशन की दो लक्जरी कार को अटैच किया है। दोनों कीमती कार कार्पोरेशन के संचालक पिता और पुत्र के नाम पर है। इसके पूर्व ईडी ने मोक्षित कार्पोरेशन की 40 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। ईडी को इस बात का संदेह है कि इस घोटाले की काली कमाई को दूसरे कारोबार में निवेश किया गया है। इस घोटाले में स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी से जुड़े कई घोटालेबाज अधिकारी अभी जेल की हवा खा रहे हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1594/लो.नि.वि./न.पा./2025-26/ मनेन्द्रगढ़, दिनांक 08/09/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य/स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर डाक द्वारा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | हनुमान मंदिर के बगल में वार्डक्र 14 कॉलेज के पीछे चबुतरा निर्माण कार्य। | 2.00 | 29/09/2025 |
| 02 | हनुमान मंदिर के बगल में खेडिया टॉकिज के पास शेड निर्माण कार्य। | 3.00 | |
| 03 | हनुमान मंदिर मौहारपारा के बगल में शेड निर्माण कार्य। | 2.00 | |
| 04 | वार्ड क्र 16 टी.व्ही. टॉवर रोड तालाब के पास शेड निर्माण कार्य। | 2.00 | |
| 05 | वार्ड क्र 04 नाला उस पर शंकर मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य। | 3.00 | |
| | | | |
| 07 | अग्रसेन धर्मशाला के पास वार्ड क्र 11 में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 9.999 | |
| 08 | गुजराती भवन वार्ड क्र 20 सुरभि पार्क के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 9.999 | |
| 09 | वार्ड क्र 02 में लोको तिराहा में शिव मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य। | 3.00 | |
| 10 | बंगाली काली पूजा समिति गंगा सरोवर के पास शेड निर्माण कार्य। | 5.00 | |
| 11 | विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के सेजेस (स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेन्द्रगढ़) में स्थित 02 कक्ष का मरम्मत एवं शौचालय निर्माण कार्य। | 5.08 | |
| 12 | वि.ख.मनेन्द्रगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं क्लास रूम में मरम्मत कार्य। | 7.65 | |
| 13 | नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत एस.डी.एम.आफिस मनेन्द्रगढ़ के पास शेड निर्माण कार्य। | 2.62 | |
| 14 | वि.ख. मनेन्द्रगढ़ के जिला कोषालय एम.सी.बी. में पेंशनर कक्ष का उन्नयन कार्य भाग-1 | 1.98 | |
| 15 | वि.ख. मनेन्द्रगढ़ के कोषालय परिसर में पेशनर कक्ष का उन्नयन कार्य पार्ट 2 | 0.89 | |
| 16 | नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ अन्तर्गत वार्ड नं. 15 में शासकीय विवेकानन्द महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के पीछे शौचालय निर्माण कार्य। | 4.32 | |
| 17 | वि.ख. मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 17 के प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 17 में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 10.00 | |
| 18 | 04 नग पानी टैंकर क्रय (02 नग 4500 लीटर एवं 02 नग 3500 लीटर)। | 8.6 | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

**KERWA COAL LIMITED**
**(A joint venture of CMDC and MPSMC)**
**REGD.OFFICE: SECTOR 24, BLOCK NO. 07 A, THIRD FLOOR, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR (C.G.)-492015**

**e-Tender No.:- MSTC/RPR/CHHATTISGARH MINERAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED/1/RAIPUR/25-26/30463**
**Date 08.09.2025**

**-:: NOTICE INVITING TENDER ::-**

1. Online and sealed tenders are invited from experienced and financially sound parties for Engagement of MDO for drilling, blasting, excavation, loading, hauling, transportation and selling of product (hereby referred as coal) in Kerwa Coal Block, Korba district, Chhattisgarh India.
2. The Tender Document will be available for download at the cost of Rs.100000+ RS. 18000(18% GST) (TOTAL RS. 118000) (in words). The Tender Document can be viewed and downloaded from the website of MSTC Ltd namely **https://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/ mlcln/ index_from 08.09.2025 to 22.10.2025 up to 3.00 p.m.** against payment of the above cost of Tender Document. Bidders shall not be allowed to bid without paying the above-mentioned Tender Fee. Cost of the tender document is non-refundable.
3. For clarification of the issues related to the tender pre bid conference will be held in KCL's H.O. on **29.09.2025 at 3.00 p.m.**
4. The last date for online submission of Technical Bid and Base Revenue Share Price is **22.10.2025 up to 3.00 p.m.** The original hard copies of the Technical Bid only should be submitted to the KCL's office on or before **22.10.2025 up to 3.00 p.m.** Technical Bid will be opened on the same day at **4.00 p.m.** at KCL's Head office, Sector 24, Block No. 07 A, Third Floor, Atal Nagar, Nava Raipur (Chhattisgarh)- 492015.
For further clarifications Director, KCL, Raipur may be contacted at +91 9425262592.
5. Notice Inviting Tender (NIT) and Tender at a glance can be viewed and downloaded from the KCL's website **www.kerwacoalltd.com/cmdc.co.in** from **08.09.2025**.
6. Notice Inviting Tender is in brief. For further details, the Bidder shall refer the Bid Document.

**S-45168/1** **Managing Director**

## उपसरपंच की हत्या कर नदी में फेंकी लाश गिरफ्त में सरपंच पति समेत 9 आरोपी

**जांजगीर - चाम्पा।** ग्राम पंचायत करही का उपसरपंच दो दिन पहले रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया। बिर्रा पुलिस ने जब जांच शुरू की तो मामला हत्या का निकला। इधर ग्रामीणों ने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में सरपंच पति समेत 9 आरोपियों को पकड़ लिया है। आरोपियों ने उप सरपंच की हत्या कर लाश नदी में फेंक दी थी। पुलिस अब एसडीआरएफ की टीम के साथ ड्रोन कैमरे की मदद से लाश की तलाश में जुटी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के करही का उप सरपंच महेन्द्र बघेल 6 सितंबर की रात रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था।

### की जा रही सर्चिंग

पुलिस ने सरपंच पति समेत 9 आरोपियों को हत्या के अपराध में पकड़ा है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश पर हत्या कर लाश महानदी में फेंकना बताया है। ड्रोन कैमरे और एस डी आर एफ की मदद से लाश की सर्चिंग की जा रही है। शव नहीं मिलने की स्थिति में कानूनी सलाह लेकर आरोपियों के खिलाफ आगे कार्रवाई की जाएगी।
**उमेश कश्यप**, एडिशनल एसपी जांजगीर चाम्पा

## फेल हो रहे थे छात्र, अब मार्च तक ट्रेनिंग में नहीं जाएंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के शिक्षकों के लिए आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। यह फैसला खराब होते परीक्षा परिणामों के बाद लिया गया है। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा शिक्षकों के लिए वर्षभर ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किए जाते हैं। इसमें विभिन्न जिलों से शिक्षकों को आमंत्रित विषय संबंधित जानकारी दी जाती है। इसके अलावा उन्हें नवाचार के विषय में भी बतलाया जाता है। शिक्षकों के लिए सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों का भी आयोजन इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा होते हैं। ये सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम शाला दिवस में ही रखे जाते हैं। शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के कारण छात्रों की पढ़ाई



प्रभावति हो रही थी। प्रदेश में 1900 विद्यालय ऐसे हैं, जो एकल शिक्षकीय हैं। इन स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनिंग में बुलाए जाने पर शाला ही बंद करना पड़ता था। इसके अतिरिक्त कई स्कूलों में गिनती के ही शिक्षक हैं। इस कारण शिक्षकों के सभी प्रकार के प्रशिक्षण पर अब रोक लगा दी गई है। एससीईआरटी केवल गर्मी की छुट्टियों में अर्थात मार्च माह में ही शिक्षकों को प्रशिक्षण दे सकेगा। मार्च-अप्रैल तक छात्रों की परीक्षाएं चलती हैं। इसके बाद 15 जून तक ही शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

### परीक्षा के दौरान भी प्रशिक्षण

एससीईआरटी के ट्रेनिंग प्रोग्राम पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान अनावश्यक रूप से सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों पर होने वाले खर्च सहित टाइमिंग को लेकर भी आलोचना का शिकार राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद होता रहा है। वर्ष की शुरुआत में फरवरी-मार्च में एग्जाम सीजन में भी शिक्षकों को ट्रेनिंग दिया जा रहा था। इसका असर नतीजों पर देखने मिला था। सूत्रों के अनुसार, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद हुई समीक्षा बैठक में इसे लेकर नाराजगी भी जाहिर की थी। पहली बैठक में ही ट्रेनिंग प्रोग्राम को बंद करने निर्देश दे दिए गए थे।

**जांजगीर चाम्पा वनमण्डल के विभिन्न डिपो में रखे गये वनोपज के नीलाम हेतु मात्रा की जानकारी**
**नीलाम दिनांक 22.09.2025**

| अ.क्र. | डिपो का नाम | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | | | | | | नया वनोपज | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लट्ठा | | बल्ली/डेंगरी | | जलाऊ | बांस | | लट्ठा | | जलाऊ |
| | | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | नग | नो.टन | नग | घ.मी. | चट्टा |
| 1 | निस्तार डिपो | अन्य | 353 | 46.499 | 105 | 0.671 | - | - | - | 27 | 3.395 | - |
| | | सागौन | 30 | 2.880 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | साल | 14 | 1.828 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 62 | - | - | - | - | 27 |
| 2 | अकलतरा डिपो | सागौन | 29 | 3.846 | 384 | 3.127 | - | - | - | - | - | - |
| | | नीलगिरी | - | - | 1498 | 34.059 | - | - | - | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 53 | - | - | - | - | - |
| | | आद्यो.बांस | - | - | - | - | - | 70 | 0.044 | - | - | - |
| 3 | बारद्वार | अन्य | 72 | 8.079 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | | 22 | - | - | - | - | - |
| 4 | जांजगीर | सागौन | 16 | 0.943 | 4 | 0.046 | - | - | - | - | - | - |
| | | अन्य | 184 | 26.511 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 114 | - | - | - | - | - |
| 5 | पंतोरा डिपो | तेंदू | 130 | 20.861 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | साजा | 45 | 9.337 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | अन्य | 30 | 4.174 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | हल्दू | 6 | 1.059 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | बीजा | 4 | 0.572 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | साल | 39 | 6.045 | 6 | 0.027 | - | - | - | - | - | - |
| | | सागौन | - | - | 6 | 0.101 | - | - | - | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 17 | | - | | - | - |
| योग | | | 952 | 132.634 | 2003 | 38.031 | 268 | 70 | 0.044 | 27 | 3.395 | 27 |

1 क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व MSTC E-Commerce Portal में रजिस्ट्रेशन में करना अनिवार्य है।, 2 क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य हैं। सफल बोलीदारों को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत EMD की राशि जमा करना अनिवार्य है।, 3 लॉट की थम्पी सूची एवं फोटो MSTC E-Commerce Portal में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है।, 4 ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल, कटघोरा

G -252603319/3

## चैतन्य की याचिका पर अगली सुनवाई 15 को

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में चैतन्य बघेल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बैंच में इस मामले की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई 2 सितंबर को हुई थी, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से और याचिकाकर्ता के व की ल हर्षवर्धन परगनिया की सहायता से इस मामले में अपना पक्ष रखा था। वहीं सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से अधिवक्ता की आंशिक रूप से दलीलें सुनी थी। बाकी सुनवाई के लिए न्यायालय ने 8 सितंबर को दोपहर 3 बजे निर्धारित किया था। वहीं आज सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय के अधिवक्ता सौरभ पांडे कोर्ट रूम और जोहेब हुसैन ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पक्ष रखा। अगली सुनवाई 15 सितंबर को तय की गई है।



**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 04.09.2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ. सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आई डी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 106/CE/NH/TC/44-82/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_875957_1 | Short Term Maintenance works and activities (STMC) on section from Km 363.000 to 373.500, Km 375.600 to Km 385.700, Km 433.850 to Km 437.670, KM 465.000 TO 468.500, Km 481.800 to km 482.500 (Ludeg), km 501.945 to km 502.590 (Kansabel), km 526.113 to km 530.090 (Kunkuri) of Katni-Gumla Road N.H-43 & Km 215.800 to km 216.700 of Simga-Bilaspur-Katghora- Ambikapur Road NH-130 in the state of Chhattisgarh. | Rs.855.32 Lakhs |
| 2. | 107/CE/NH/TC/44 83/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_875958_1 | Short term maintenance of Raigarh- Sarangarh-Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km.3.800 to Km27.900 & Km 30.00 To 54.840 (48.94 km) in the state of Chhattisgarh. | Rs. 644.95 Lakhs |
| 3. | 108/CE/NH/TC/44 -17/2024 (3rd Call ) | 2025_MoRTH_875959_1 | Short term maintenance of Takhatpur Ex. Road from Km. 26.542 to Km. 32.093, Mungeli Ex. Road from Km. 45.786 to Km. 56.275, Pandariya Ex. Road from Km. 82.582 to Km. 87.133 and Pondi Ex. Road from Km. 103.166 to Km. 104.756 = 22.181 Km. on N.H.-130A in the state of Chhattisgarh. | Rs. 226.87 Lakhs |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सरल क्र. (1) एवं ( 2 ) हेतु दिनांक 24.09.2025 शाम 17.30 बजे तक एवं सरल क्र. (3) हेतु दिनांक 18.09.2025 शाम 17.30 बजे तक है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

G-252603285/4

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**( ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

दुर्ग, दिनांक 02.09.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 17.09.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 184/174772 | उपसंभाग पाटन के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू, वार्षिक मरम्मत एवं साधारण मरम्मत के कार्य | 50.00 |
| 185/174773 | जिला दुर्ग (वि.,ख. धमधा) के अंतर्गत ग्राम मलपुरीकला में शास. हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.00 |
| 186/174774 | उपभाग क्र. 03 दुर्ग के अंतर्गत शास. हाई स्कूल भवन केम्प 02 भिलाई का निर्माण कार्य | 67.05 |
| 187/174775 | लोक निर्माण विभाग, बालोद संभाग बालोद के अंतर्गत नये संभागीय कार्यालय भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 174.71 |
| 188/174776 | लोक निर्माण विभाग, अनु. क्र 02 बालोद के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य | 22.00 |
| 189/174777 | नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई के जिला पशुधन विकाय कार्यालय भवन का निर्माण कार्य | 62.95 |
| 190/174778 | रानीतराई (वि.ख.राजनांदगांव) में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.77 |
| 191/174779 | लोक निर्माण विभाग, संभाग कवर्धा के अंतर्गत उपसंभाग कवर्धा एवं बोड़ला के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के रंगाई पोताई का कार्य | 30.00 |

**टीप :-** 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है । 2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष 0788-2210876


G-252603297/4



# दिल मद्रासी का बाक्स ऑफिस पर धमाल...

**मुंबई।** साउथ फिल्मों का सिनेमाघरों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब फिल्म दिल मद्रासी को ही ले लीजिए। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 3 दिन में ही बता दिया है कि बिना प्रमोशन के भी साउथ फिल्मों का जलवा देखने को मिलता है। शिवकार्तिकेयन की इस फिल्म की रिलीज से पहले कोई चर्चा नहीं थी। लेकिन जैसे ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दी, इसने धमाल मचा दिया। दिल मद्रासी फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 13.65 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 12.1 करोड़ रुपए कमाए।

लाइफ Style



# अनन्या

## 'कॉल मी बे' के सीजन 2 का ऐलान

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री अनन्या पांडे की पहली वेब सीरीज 'कॉल मी बे' को रिलीज हुए पूरे एक साल हो गए हैं। इस मौके पर अनन्या ने सोशल मीडिया के जरिए अपने प्रशंसकों का आभार जताया। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म के सीन की तस्वीर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'कॉल मी बे' को एक साल पूरा हो गया है।

मैं आप सबकी बहुत आभारी हूं कि हमें आज भी इतना प्यार मिल रहा है। लोग अब भी मुझसे पूछते हैं कि सीजन-2 कब आ रहा है, और वह बहुत जल्दी आने वाला है! मैं फिर से अपनी शानदार टीम के साथ काम करने और 'बे' की हील्स (जूते) पहनने का इंतजार नहीं कर सकती। वह सच में सबसे प्यारी लड़की है। यह सीरीज एक अरबपति फैशनिस्टा (एक ऐसा व्यक्ति जो फैशन में बहुत रुचि रखता है) की कहानी है, जो एक हादसे के बाद अपने परिवार और बाकी लोगों से अलग हो जाती है और पहली बार अपने दम पर जिंदगी का सामना करती है। इस सफर में वह कई दोस्त और उनके साथ अपनी पहचान बनाती है। 'कॉल मी बे' में अनन्या के साथ वीर दास, सयानी गुप्ता, गुरफतेह सिंह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका दत्त और लिसा मिश्रा जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या जल्द ही कार्तिक के साथ 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जिसकी जानकारी कार्तिक आर्यन ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। इसमें नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ जैसे स्टार्स भी अहम भूमिकाओं में होंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# मिस्ट्री मैन संग नजर आईं सिमोन

**लंदन।** ब्रिटिश-इंडियन एक्ट्रेस सिमोन एश्ले एक्टर जोशुआ जैक्सन के साथ डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में थीं। हालांकि, अब क्वींस, न्यूयॉर्क में हुए यूएस ओपन से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं,जिसमें वह एक मिस्ट्री मैन को किस कर रही हैं। इन तस्वीरों ने भी पुराने कयासों पर पूरी तरह से विराम लगा दिया। जिन तस्वीरों ने सबका ध्यान खींचा वह थी उनकी मिस्ट्री मैन संग रोमांटिक तस्वीरें। इंटरनेट पर इन दोनों की तस्वीरें छा गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये मिस्ट्री मैन टिम साइक्स हैं, जो एक रेस्टोरेंट मालिक और बिजनेसमैन हैं।

# विन ने एक फिल्म से कमाए 47 मिलियन डॉलर




**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेता विन डीजल को 'फास्ट एंड द फ्यूरियस' सीरीज में उनके रोल के लिए जाना जाता है। इस फ्रैंचाइजी की एक फिल्म के लिए उन्हें लगभग 47 मिलियन डॉलर मिले थे और इस सीरीज से उनकी कुल कमाई लगभग 200 मिलियन डॉलर है। लेकिन, एक और किरदार है, जो पिछले कुछ वर्षों में विन का पर्याय बन गया है- मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के ग्रूट का किरदार। इस अभिनेता ने पहली बार 2014 में 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी वॉल्यूम 1' में इस किरदार को आवाज दी थी, और दो सीक्वल, साथ ही दो एवेंजर्स फिल्मों- इन्फिनिटी वॉर और एंडगेम में भी इसे दोहराया। बताया जाता है किविन डीजल, ग्रूट के रोल के लिए प्रति फिल्म 13.5 मिलियन डॉलर कमाते थे, इससे पहले कि 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' के निर्देशक जेम्स गन ने थ्रेड्स पर इस दावे को खारिज किया। हालांकि, रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्टर की एमसीयू रोल से कमाई 12-15 मिलियन डॉलर के बीच है। वॉइस एक्टिंग के लिए यह काफी मोटा पैसा है। दिलचस्प बात यह है कि पूरे एमसीयू में, ग्रूट बस तीन शब्द कहते हैं 'मैं ग्रूट हूं', हालांकि अलग लहजे और तरीके से। दूसरी गार्डियंस फिल्म में केवल एक बार ही किरदार ने अपनी बात से हटकर कहा, 'हम ग्रूट हैं'।

# जैकलीन ने पहनी अनोखी आउटफिट हुई ट्रोल



*जैकलीन फर्नांडिस अपने बेहतरीन डांस और ग्लैमरस फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं, लेकिन उनका हालिया लुक सोशल मीडिया पर लोगों के बीच अब किसी और वजह से चर्चा में बना हुआ है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हाल ही में नई दिल्ली में एक अवॉर्ड शो में शामिल हुईं, जहां उनका अनोखा आउटफिट देख सभी का मुंह खुला का खुला रह गया।*

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर कई यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। वहीं, कुछ उनकी ड्रेस की कीमत जानने के लिए बेताब नजर आए। इस इवेंट में जैकलीन लक्जरी फैशन हाउस बाल्मेन की डिजाइन की हुई व्हाइट लंबी आस्तीन वाली पॉप्लिन बस्टियर ड्रेस में नजर आईं। इस ऑफ-शोल्डर ड्रेस में शर्ट से इंस्पायर्ड डिजाइन देखने को मिला, जिसमें स्ट्रक्चर्ड कॉलर और बारीक डिजाइन एक गोल्डन बटन-डाउन शर्ट की याद दिलाते थे। इस शर्ट ड्रेस को एक हाई-फैशन ट्विस्ट दिया गया, जिसमें स्लिट का टच दिया है।सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का वीडियो वायरल होते ही यूजर्स ने ड्रेस की लिंक मांगी। वहीं, कुछ ने पूछा कि इस आउटफिट की कीमत क्या होगी? जैकलीन का ये वीडियो खूब शेयर किया जा रहा है। जैकलीन की बालमैन की जो लंबी आस्तीन वाली पॉप्लिन बस्टियर ड्रेस पहने दिखाई दे रही हैं, वो 7,250 डॉलर की है, जिसकी भारत में कीमत 6 लाख रुपए से ज्यादा है। उन्होंने डायमंड गोल्ड की अंगूठी अमारिस डायमंड्स ज्वेल्स की पहनी है, जो 76,665 हजार रुपए की है।



## ईशा को धमाल-4 से मिली एनर्जी...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस ईशा गुप्ता धमाल 4 में अपनी कॉमिक टाइमिंग और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस से दिल जीतने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री ने अब अपनी शूटिंग पूरी कर ली है। ईशा ने कहा कि धमाल जैसी दर्शकों की पसंदीदा फ्रेंचाइज का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है। ईशा ने कहा कि अजय देवगन और पूरी टीम के साथ काम करना मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा और मुझे सकारात्मक ऊर्जा मिली है । ईशा ने कहा कि अजय एक पावरहाउस टैलेंट हैं और सेट पर उनकी सहजता और ऐनर्जी सबको और बेहतर बना देती है। सेट का माहौल हमेशा मजेदार, हंसी-खुशी और पॉजिटिविटी से भरा रहा।

## फिर टली प्रभास की फिल्म की रिलीज डेट

**मुंबई।** प्रभास इस समय अपनी अगली फिल्म पर फोकस कर रहे हैं। कुछ फिल्मों पर अभी काम चल रहा है। तो कुछ बनने के बाद भी रिलीज नहीं हो पाई। यहां हम बात कर रहे हैं प्रभास की 'द राजा साब' की, जिसे पहले इसी साल अप्रैल में लाने की प्लानिंग थी। उससे पहले भी किसी और तारीख पर सहमति बन गई थी। आखिरकार 5 दिसंबर को मामला फाइनल हुआ। लेकिन एक बार फिर फिल्म की रिलीज टालकर अगले साल संक्रांति पर लाई जाएगी। इस फिल्म से प्रभास का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। वहीं दूसरी तरफ संजय दत्त विलेन बने हैं। दरअसल इसी साल प्रभास ने अपनी 'द राजा साब' के लिए पहले 5 दिसंबर चुनी थी। वहीं रणवीर सिंह की 'धुरंधर' और शाहिद कपूर की विशाल भारद्वाज के साथ फिल्म आ रही है। अब इन दोनों फिल्मों को लेकर भी चर्चा तेज है। ऐसे में प्रभास की फिल्म की रिलीज को वहां से हटा दिया गया।

# मां श्वेता की तरह स्टाइल में आगे निकलीं पलक तिवारी



**मुंबई।** टीवी की सुपरस्टार श्वेता तिवारी सिर्फ अपनी एक्टिंग से ही नहीं, बल्कि अपनी ख़ूबसूरती और स्टाइल से भी हमेशा चर्चा में रहती हैं। अब उनकी बेटी पलक तिवारी भी उसी राह पर चलती नजर आ रही हैं। पलक ने बॉलीवुड में कदम रखते ही फैशन और ग्लैमर की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बना ली है। हाल ही में पलक तिवारी एक इवेंट में पहुंचीं, जहां उन्होंने अपने जबरदस्त स्टाइल से सबका ध्यान खींच लिया। पलक ने इस खास मौके के लिए एक बोल्ड और ग्लैमरस आउटफिट चुना, जिसमें वो किसी प्रिंसेस से कम नहीं लग रही थीं। उन्होंने एक शॉर्ट ड्रेस के ऊपर से साइड कट गाउन पहना हुआ था, जो ट्रेंडी होने के साथ-साथ बेहद एलिगेंट भी लग रहा था। उनका ये लुक सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है और लोग उनकी तुलना सीधी-सीधी उनकी मां श्वेता तिवारी से कर रहे हैं। जहां एक ओर श्वेता तिवारी उम्र के साथ और भी खूबसूरत और ग्रेसफुल होती जा रही हैं, वहीं 24 साल की पलक भी स्टाइल और कॉन्फिडेंस के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं।

## 16 साल की उम्र में बन गई थी हिट सिंगर, 'रात की रानी' में गाया था पहला सोलो गाना

# आशा भोसले ने 20 भाषाओं में गाए 11 हजार से ज्यादा गाने

**मुंबई।** भारतीय संगीत जगत में कुछ ऐसे सिंगर आए, जिनकी जगह आज तक कोई नहीं ले सका है। आशा भोसले संगीत की दुनिया का एक ऐसा ही सितारा हैं। वे आज भले ही अपनी उम्र के चलते म्यूजिक इंडस्ट्री से दूर हैं, लेकिन अपने विविधता से भरे करियर, उनके गाने की शैली और मधुर आवाज के चलते वह आज भी एक अलग मुकाम रखती हैं। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर आशा भोसले 8 सितंबर को अपन 92वां जन्मदिन मना रहीं है। 2011 में सबसे अधिक स्टूडियो रिकॉर्डिंग के लिए आशा दीदी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। उन्होंने 20 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में 11 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं, जिसके चलते उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

***ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने वाली पहली भारतीय महिला :*** आशा भोसले के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। उनके पास ना तो टैलेंट की कमी है और ना ही मेहनत की, जिसके दम पर वह ग्रैमी पुरस्कार के लिए नॉमिनेट होने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्हें 2005 में ग्रैमी पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया था। आशा भोसले एक बेहतरीन सिंगर तो हैं ही, वह अभिनय में भी अपना दम दिखा चुकी हैं। उन्होंने एक मराठी फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखे, जिसका नाम माई है।



### 11 साल की उम्र में रखा संगीत की दुनिया में कदम

आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ। वह पंडित दीनानाथ मंगेशकर की तीसरी बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। आशा भोसले तब मात्र 11 साल की थीं, जब उन्होंने संगीत की दुनिया में कदम रख दिए थे। उनका पहला गाना मराठी भाषा में था, जिसका नाम 'चला चला नव बाल' था, उन्होंने ये गाना अपनी बहन लता मंगेशकर के साथ गाया था। लेकिन, उन्हें पहचान 16 की उम्र में जाकर मिल सकी। उन्होंने 16 साल की उम्र में 'रात की रानी' फिल्म के लिए पहला सोलो गाया और रातों-रात स्टार बन गईं।

### बोल्ड गाने मिलने पर हुईं थी नाराज

आशा भोसले का नाम कई बार विवादों में भी रहा। उनके मशहूर गानों में 'दम मारो दम' और 'पिया तू अब तो आजा' जैसे गाने भी शुमार हैं। ये गाने उस दौर में काफी बोल्ड माने गए, जिसे लेकर विवाद भी हुआ। आशा भोसले ने आरडी बर्मन से इस बात को लेकर नाराजगी जाहिर की थी कि वह उन्हें लगातार बोल्ड गाने दिए जा रहे थे। उन्होंने एक बार खुलासा किया था कि जब वह कारवां का गाना पिया तू अब तो आजा रिकॉर्ड कर रही थीं तो गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी बीच में ही स्टूडियो छोड़कर चले गए थे, क्योंकि उन्हें अपने लिखे शब्दों पर शर्मिंदगी महसूस हो रही थी।


epaper : www.haribhoomi.com

## हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**कृषिफार्म/लेबर/ठेकेदार**

आवश्यकता है- नया रायपुर परसदा स्थित कृषि फार्म में कार्य करने हेतु महिला, पुरुष एवं तेलीबांधा रायपुर में कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु लेबर, मिस्त्री, ठेकेदार, सुपरवाइजर की आवश्यकता है दोनों जगह रहने की सुविधा उपलब्ध है। **सम्पर्क करे-** 9826415569. (RO-6800)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर ऑफिस में ऑफिस कार्य करने के लिए 12वी पास मेहनती लड़कों की। **संपर्क करें:- 11:00 से 01:00, नवबोध प्रकाशन, भीमसेन भवन के सामने, 07, समता कॉलोनी, रायपुर (छ. ग.) फोन- 0771-4200932.**(RO-916)

**हेल्पर/वेल्डर/फिटर**

आवश्यकता है- फैक्ट्री में रोजगार का अवसर बिर्कोनी महासमुंद स्थित फैक्ट्री में लेबर, हेल्पर, वेल्डर, फिटर की सख्त जरूरत! रहने की सुविधा उपलब्ध. **संपर्क करे-** 6381298638.(RO-6701)

**सेल्स एक्जीकेटिव**

Requirment- Urgently Required Inside Sales Executive for PMBJK medical store @Krishna Talkies Road Risali Bhilai. Salary upto 6000. Contact 7415227425, 7869089355.(RO-6796)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में काम के लिए लड़के लडकी की आवश्यकता है. **रायपुरा चौंक.** 8839105162. (RO-398)

हरिभूमि

**पैकिंग कार्य/ड्रायवर**

आवश्यकता है- 400/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम 500/- फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता। **सम्पर्क :- तापड़िया फटाका, नेमीचंद गली, तेलघानी नाका चौक, रायपुर**(RO-887)

**मार्केटिंग कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर में डोर टू डोर मार्केटिंग कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी 10,000 से 20,000 महीना योग्यतानुसार **संपर्क करें-** 8962274079. **पता- आमापारा चौक रायपुर** (RO-A)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- टेलीकालिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़की/ महिलाओं की आवश्यकता है. योग्यता - 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, सेलरी 7,000+ कमीशन+ बोनस से कमाएं 15,000 से 20,000/ **पता : प्रोफेसर कॉलोनी के पास रायपुर.** 8982660324. (RO-261)

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के-लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+ 56500 ) पढ़ाई (8-वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे **(सचिन शर्मा)-** 7054311719.(RO-1136)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5-G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें-** 8420549466. (RO-1144)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरुरत अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों/लड़कियों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 55500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920930586.(RO-1151)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो **संपर्क करें:-** 9202613238, 9229187457.(RO-1137)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- वृंदावन धाम श्रीकृष्ण नगरी (U.P.) एसी रूम, गीजर, फ्रिज, टीवी अटैच वॉशरूम, लिफ्ट 5 स्टार रूम मात्र 1200/- प्रतिदिन किराया सभी मन्दिर के पास **सम्पर्क करें- श्री उमेश गौतम** 8881119584 (RO-38633)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम** सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें** 62638-18152

**CLASSIFIED RATE CARD** — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com | Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



City_Main_09_2025-09_Layout 1 9/9/2025 1:17 AM Page 1



## जैकेट के शेष

### मंत्री केदार के...

के घेराव के दौरान कुछ लोगों ने पत्थरबाजी की जिसमें भाजपा कार्यालय का सीसा टूट गया। वहीं बस्तर फाइटर की महिला आरक्षक सिर में चोट लगने से घायल हो गई। घायल पुलिसकर्मी उमा भारती को प्राथमिक उपचार भानपुरी अस्पताल में कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। समाचार लिखे जाने तक भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ व महिला पुलिसकर्मी के घायल होने का मामला दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन जल्द दोनों घटनाओं के अलग अलग रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही गई है।

### पुलिस और कांग्रेसियों के...

बस्तर का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में निकला जुलूस वन मंत्री के वृंदावन कॉलोनी निवास पहुंचा, जहां पहले से तैनात सुरक्षा बल के जवानों ने कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया। इस बीच काफी देर तक झूमाझटकी की स्थिति बनी रही। राजनीतिक मामला होने के कारण पुलिस ने भी बल प्रयोग नहीं किया। इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सुकमा के कांग्रेस...

केस से संबंधित चालान की कॉपी दी। बताया जा रहा है कि ईडी के अधिकारी करीब 15-20 मिनट तक राजीव भवन में रहे, उसके बाद लौट गए। ईडी ने सुकमा कांग्रेस भवन को भी अटैच किया है। मलकीत सिंह गैंदू ने बताया कि ईडी की ओर से सुकमा कांग्रेस भवन का मामला दिल्ली ट्रिब्यूनल में दायर किया गया था। ट्रिब्यूनल से नोटिस मिलने के बाद हमें 2 सितंबर को जवाब देना था।

**यह है आरोप :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोप है कि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कमीशन लिया था। कमीशन के पैसे से ही उन्होंने सुकमा में कांग्रेस कार्यालय का निर्माण किया है। ईडी की टीम इसकी जांच कर रही है।

### पार्टी के फंड से...

और बिल हम दे चुके हैं। जितना भी पैसा लगा है, वह कांग्रेस पार्टी फंड से दिया गया है। ईडी लगातार कांग्रेस को परेशान करने का काम कर रही है।

### ड्रग में मिली...

की कितनी मात्रा हेरोइन चिट्टा तथा एमडीएमए में मिलाई गई है, इस बात की जांच फोरेंसिक लैब में की जा रही है। ड्रग तस्कर लैब में हेरोइन चिट्टा तथा एमडीएमए में इथोर्फिन जैसी घातक दवा की मिश्रण करते हैं।

### भारत में फिलहाल...

सरकार के पास नहीं आया है। हाल ही में टिकटॉक की वेबसाइट कुछ नेटवर्क्स पर थोड़ी देर के लिए खुली थी, जिससे अटकलें तेज हुईं, लेकिन मंत्री के बयान ने यह साफ कर दिया कि भारत में टिकटॉक फिलहाल वापसी नहीं कर रहा है।

# इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई? एमपी पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सजा पूरी होने के बाद भी व्यक्ति को जेल में रखे जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है। एक मामले की सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार को शख्स को 25 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह शख्स अपनी वैध सजा से करीब साढ़े 4 साल से ज्यादा समय से जेल में बंद था, जिस पर अदालत ने हैरानी जताई है। सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को राज्य की सभी जेलों में बड़े पैमाने पर एक सर्वेक्षण कराने का भी निर्देश दिया है।


**पूर्व तट रेलवे**

**सामग्रियों की आपूर्ति**

**निविदा सं. 30256576, दिनांक: 29.08.2025**

कार्य का नाम : (1) WAG-9 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिवों के लिए ड्राइवर विजिलेन्स कंट्रोल डिवाइस सहित CCB ब्रेक कंट्रोल सिस्टम, आपूर्ति का दायरा KBI अनुलग्नक-A, विनिर्देश सं. CLW/MS/3/001 ALT-17 के अनुसार है, मात्रा : 1 सेट।

(2) डीजल लोकोमोटिवों के CCB सिस्टम के लिए KBI किट नं. XKI/KIT/01599 का आपातकालीन ब्रेक (NB11) वाल्व (I69411) के लिए ओवरहालिंग किट, एक सेट में 12 आइटम शामिल हैं : 1) पिस्टन रॉड, पार्ट नं. II69240/7, मात्रा-1 संख्यक, 2) कम्प्रेशन स्प्रिंग, पार्ट नं. B58513, मात्रा-1 संख्यक, 3) O-रिंग, पार्ट नं. A93706, मात्रा-1 संख्यक, 4) पिस्टन, पार्ट नं. A73786, मात्रा-1 संख्यक, 5) O-रिंग, पार्ट नं. A38577, मात्रा-1 संख्यक, 6) O-रिंग, पार्ट नं. A27763/22, मात्रा-1 संख्यक, 7) हेक्सागोन नट, पार्ट नं. 468825, मात्रा-1 संख्यक, 8) लॉकिंग रिंग, पार्ट नं. 466031, मात्रा-4 संख्यक, 9) रिटेनिंग रिंग, पार्ट नं. 463775, मात्रा-1 संख्यक, 10) KNORR-K-रिंग, पार्ट नं. 461794, मात्रा-1 संख्यक, 11) KNORR-K-रिंग, पार्ट नं. 461627, मात्रा-1 संख्यक, 12) KNORR-K-रिंग, पार्ट नं. 455020, मात्रा-1 संख्यक, अनुलग्नक संलग्न है, मात्रा : 76 सेट।

(3) KNORR निर्मित एयर ब्रेक सिस्टम के दो आइटम का सेट, जैसे की 1) LON के लिए J3 कनेक्टर, KB पार्ट नं. II88934, मात्रा-1 संख्यक, 2) ERCP के लिए चेक वाल्व, KB पार्ट नं. 782317, मात्रा-05 संख्यक, मात्रा : 10 सेट।

(4) इलेक्ट्रिक लोको (Loco) के CCB ब्रेक सिस्टम के लिए KBIL पार्ट नं. KP0698141 के अनुसार फीड वाल्व F6-MD-1, मात्रा : 10 संख्यक।

(5) 3 फेज लोकोमोटिवों के लिए प्रदान किया गया CCB ब्रेक सिस्टम के लिए KBIL पार्ट नं. I79965/2105 के अनुसार सुरक्षा वाल्व (MR), मात्रा : 30 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 30 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.09.2025 को 1500 बजे।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

PR-565/Q/25-26 वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/35/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN-ट्रैक्स, नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत डुमरीखुर्द (DKU) स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 17,64,18,508/- **बयाना राशि:** ₹ 10,32,100 /-

**2. निविदा क्र.:** एस/15/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN-वर्क्स, नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मंडल स्टोर्स डिपो, मोतीबाग में मौजूदा भवन के फर्श रैक का विस्तार, फॉल्स सीलिंग का प्रतिस्थापन, चार-दीवारी को ऊंचा करना, शौचालय स्नानघर का प्रावधान और बुनियादी ढांचे में सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,43,48,487/- **बयाना राशि:** ₹ 4,21,800/-

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **24.09.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व प्राप्त मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

AIM/22-111 **वरिष्ठ मंडल अभियंता - मध्य, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला -रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक/239/वा/तह./2025** **खरोरा, दिनांक 01/09/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग क्र.-1 पेंशनबाड़ा, रायपुर छ.ग. का पत्र क्र./2051/शिल्प/2025, रायपुर दिनांक 22/05/2025 ग्राम खरोरा, प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 1143 का रकबा 3.593 हे. जो कि लंबाई लगभग 1310 मीटर एवं चौड़ाई औसत 26 मी. है।

**क्रमांक/241/वा/तह./2025** **खरोरा, दिनांक 01/09/2025**

ग्राम केसला, प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 485 का रकबा 5.213 हे. जो कि लंबाई लगभग 2.317 मीटर एवं चौड़ाई 28 मीटर है।

**क्रमांक/243/वा/तह./2025** **खरोरा, दिनांक 01/09/2025**

ग्राम केवराडीह, प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 1 का रकबा 0.425 हे. जो कि लंबाई लगभग 220 मीटर एवं चौड़ाई औसत 20 मीटर है।

**क्रमांक/245/वा/तह./2025** **खरोरा, दिनांक 01/09/2025**

ग्राम सिर्री, प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 106 का रकबा 6.442 हे. जो कि लंबाई लगभग 2960 मीटर एवं चौड़ाई औसत 24 मीटर है।

**क्रमांक/247/वा/तह./2025** **खरोरा, दिनांक 01/09/2025**

ग्राम बुड़ेरा, प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 432 का रकबा 2.566 हे. जो कि लंबाई लगभग 900 मीटर एवं चौड़ाई औसत 34 मीटर है।

**क्रमांक/249/वा/तह./2025** **खरोरा, दिनांक 01/09/2025**

ग्राम पाड़ाभाट, प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 182 का रकबा 5.390 हे. जो कि लंबाई लगभग मीटर एवं चौड़ाई औसत मीटर है।

**क्रमांक/251/वा/तह./2025** **खरोरा, दिनांक 01/09/2025**

ग्राम कनकी, प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 18 का रकबा 3.520 हे. जो कि लंबाई लगभग मीटर एवं चौड़ाई औसत मीटर है।

**रा.प्र.क्र. 202509114600003/अ-19 (3) 2024-25** **ग्राम-मांठ, प.ह.नं. 32**

ग्राम मांठ, प.ह.नं. 32 रा.नि.मं.मोहरेंगा, तहसील खरोरा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 620 रकबा 7.604 हे. जो कि लंबाई 3100 मीटर एवं चौड़ाई 28 मीटर है।

**रा.प्र.क्र. 202509114600004/अ-19 (3) 2024-25** **ग्राम-मूरा, प.ह.नं. 32**

ग्राम मूरा, प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. मोहरेंगा, तहसील खरोरा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 906 रकबा 3.605 हे. जो कि संपूर्ण रकबा भूमि शासकीय भूमि रास्ता मद में आबंटन/नामांतरण किया जाना है। उक्त भूमि को अ.वि.अ. (रा.) तिल्दा नेवरा के पत्र क्रमांक 1347/वा./अ.वि.अ./2025, तिल्दा नेवरा, दिनांक 16/07/2025 तहत "सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत द्वारा राष्ट्रपति" के नाम पर नामांतरण किया जाना है, चूंकि उक्त भूमि शासकीय भूमि के रुप में दर्ज है। अतः सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को उक्त भूमि आबंटन/नामांतरण हेतु प्रस्तावित है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 12/09/2025 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार खरोरा, जिला-रायपुर छ.ग.**


## पेज एक के शेष

### किस बांध पर कैसा...

गेट खोलकर खेती के लिए पानी ले रहे है इस कारण स्लूस ने नीचे नहर में कटाव हो गया है। जो स्लूस के हेड वाल तक पंहुच गया है। बांध में कई जगह कटाव हो गया है।

- बृजेश्वर साह(कोईनारी) बांध के शीर्ष पर मिट्टी का काम आउटलेट संरचना के ह्यूम पाइप नाली की रेखा के साथ धंस गया था।
- कुर्रिडीह- निकास संरचना(स्लूस) से स्लूस गेट बंद होने की स्थिति में भी जल का रिसाव नहर के माध्यम से बहता हुआ पाया गया है।
- फरसपाल- डाउन स्ट्रीम आउट फॉल चैनल( पैरेंट नाला) जल प्रवाह दिखाई दिया है।
- गौरी बांध -पानी ने बोल्डर के चारों ओर मिट्टी के बंध को कमजोर करके बांध के माध्यम से रिसाव पथ विकसित किया है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव से...

जनता दल ने चौंकाने वाला ऐलान किया है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने कहा कि उनकी पार्टी उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगी। इसी तरह बीजद ने भी ऐसी ही घोषणा की है। बीजद के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि बीजू जनता दल मंगलवार को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने फैसला किया है कि पार्टी के सांसद उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से दूर रहेंगे। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) के सदस्यों और सांसदों से परामर्श के बाद यह फैसला लिया है। पात्रा ने कहा कि हमारा पूरा ध्यान राज्य और उसके 4.5 करोड़ लोगों के विकास पर है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगी। तेलंगाना के किसानों में यूरिया की कमी को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों पर आरोप लगाते हुए रामाराव ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही इस कमी के मुद्दे को सुलझाने में फेल रही हैं। बीआरएस नेता ने कहा कि यूरिया की कमी इतनी ज्यादा है कि कतारों में इंतजार करते हुए किसानों के बीच हाथापाई हो रही है। ऐसे में हम मतदान से दूर रहेंगे। हम इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। आगे उन्होंने कहा कि अगर उपराष्ट्रपति चुनाव में नोटा का विकल्प उपलब्ध होता, तो बीआरएस इसका इस्तेमाल कर सकती थी।

### बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट 11 को...

स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि बस्तर की समृद्ध जनजातीय धरोहर और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण भी हो।

**रोजगार देने वाली परियोजनाओं को प्रोत्साहन :** छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024–30 के अंतर्गत 1000 करोड़ रुपए से अधिक निवेश करने वाली अथवा 1000 से अधिक रोजगार सृजित करने वाली परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इस नीति में औषधि निर्माण, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, आईटी एवं डिजिटल तकनीक, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस व डिफेंस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। पर्यटन को भी उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया है, जिसके तहत बस्तर में होटल, इको-टूरिज़्म, वेलनेस सेंटर, एडवेंचर स्पोर्ट्स और खेल सुविधाओं जैसी परियोजनाओं पर 45 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि बस्तर के 88 प्रतिशत ब्लॉक ग्रुप-3 श्रेणी में आते हैं, जिससे निवेशकों को अधिकतम नीति लाभ सुनिश्चित हो सकेगा।

### कंटेनर में 60 लाख का ...

कर पकड़ा गया। चालक को गांजा छोड़ने के एवज में हर बोरी के 5-5 हजार रुपए देने का वादा किया गया था। पुलिस ने चालक समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 7 सितंबर को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि रायपुर से दुर्ग की ओर से कंटेनर में भारी मात्रा में गांजा है। पुलिस ने कुम्हारी टोल प्लाजा में नाकेबंदी की। पुलिस ने कंटेनर को रोककर पूछताछ की। चालक ने अपना मधुबनी बिहार निवासी उमेश यादव कंटेनर में कोलकाता से सामान लेकर गुजरात जा रहा था। चालक उमेश को रास्ते में देवघर, ओडिशा के पास उसका परिचित राहुल मिला। जिसने 13 बोरी गांजा नागपुर में शाहिद नामक व्यक्ति के पास छोड़ने का डील किया। इसके एवज में उमेश को प्रति बोरी 5-5 हजार रुपए देने का वादा किया गया था। इस दौरान सीएसपी छावनी हेम प्रकाश नायक, डीएसपी क्राइम अजय सिंह, प्रभारी कुम्हारी योगेश्वर वर्मा समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## अमेरिका में तूफान हवाई राज्य में इमरजेंसी घोषित

**यूयार्क।** अमेरिका का हवाई राज्य एक शक्तिशाली तूफान का सामना कर सकता है। श्रेणी 4 के तूफान 'किको' (कीको) के द्वीप समूह के करीब आने के कारण प्रशासन ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। 'द हिल' की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्लूएस) ने बताया कि शनिवार सुबह यह तूफान होनोलूलू से लगभग 1,205 मील पूर्व-दक्षिण-पूर्व में था। इसकी हवाओं की रफ्तार 130 मील प्रति घंटे थी और यह 25 मील प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था। मौसम विभाग का अनुमान है कि यह तूफान रविवार तक बिग आइलैंड और माउई तक पहुंच सकता है।

## नीतीश कटारा हत्याकांड यादव को झटका

**नई दिल्ली।** साल 2002 के सनसनीखेज नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी ठहराए गए बाहुबली नेता डीपी यादव के बेटे विकास यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल पाई। सोमवार को न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उनकी याचिका खारिज करते हुए साफ किया कि अंतरिम जमानत की अवधि अब नहीं बढ़ाई जाएगी। शीर्ष अदालत ने उनको हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है। 54 साल के विकास यादव 25 साल की सजा काट रहे हैं। वो 23 साल से ज्यादा समय जेल में बिता चुके हैं। उनकी मौजूदा अंतरिम जमानत 9 सितंबर को खत्म हो रही है। उनके वकील वरिष्ठ अधिवक्ता एस गुरुकृष्ण ने कोर्ट से निवेदन किया था कि कम से कम चार दिन और की मोहलत दी जाए ताकि वे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकें। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी यह मांग सख्ती से ठुकरा दी। अदालत को बताया गया कि विकास यादव की मां गंभीर रूप से बीमार हैं। वे उनके साथ समय बिताना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दलील दी कि बीते शुक्रवार यानी 5 सितंबर को उनकी शादी हुई है और अदालत द्वारा लगाए गए 54 लाख रुपए के जुर्माने की व्यवस्था भी करनी है। इन आधारों पर उन्होंने अंतरिम जमानत बढ़ाने की अपील की, लेकिन पीठ ने इन तर्कों को मानने से साफ इनकार कर दिया।


**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 10 वर्ष 2024-25
भूमि आबंटन पेशी दिनांक 15/09/2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय नगर पालिक निगम (बाजार) रायपुर के द्वारा अपने पत्र क्रमांक 265 / बा.वि./ न.पा.नि./ 2025 रायपुर दिनांक 21/08/2025 के माध्यम से सिविल स्टेशन रायपुर स्थित नजूल भूमि ब्लॉक न. 01 प्लाट न. 06 एवं 11 रकबा 20,750 वर्गफुट रिक्त भूमि को मेकाहारा रायपुर के डॉरमेट्री निर्माण हेतु नगर निगम रायपुर को निःशुल्क आबंटित करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 15/09/2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**:: निविदा सूचना ::**

**(द्वितीय आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 88/174713 | CONSTRUCTION OF GOVT. HIGH SCHOOL BUILDING, AT DONDEKALA, BLOCK - DHARSIWA, DIST. RAIPUR (C.G.) | रू. 67.77 लाख |
| 89/174715 | CONSTRUCTION OF GOVT. HIGH SCHOOL BUILDING, AT AMASEONI, BLOCK- DHARSIWA, DIST. RAIPUR (C.G.) | रू. 67.77 लाख |
| 207/174717 | Construction of Higher Secondary School Building at Chaprid, Block- Arang, Distt.- Raipur (C.G.) (Civil + Electrical Work) | रू. 119.81 लाख |
| 206/174720 | Construction of Higher Secondary School Building at Korasi, Block- Arang, Distt.- Raipur (C.G.) (Civil + Electrical Work) | 119.62 लाख |

**डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 19.09.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

G-252603308/1 **अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग मण्डल क्रं.-1 रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पंचायत केशकाल, जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)**

E-mail Id:- npkeshkal@gmail.com

क्रमांक/1430/न.पं./लो..नि.शाखा/2025-26 केशकाल, दिनाँक 08.09.2025

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत केशकाल द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | टेण्डर सिस्टम नंबर | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 170854 | Supply of Man Power (Highly Skilled, Skilled, Semi - Skilled & Unskilled) Placement for Financial Year 2025-26 at Nagar Panchayat Keshkal. | 90.00 | 67500.00 | 07.10.2025 |

**टीप :-** अमानत राशि एवं शपथ पत्र (100/-) एवं ऑन लाईन निविदा में अपलोड की गई समस्त दस्तावेजो की मूल प्रति फिजिकल के रूप में निर्धारित समयावधि में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर डॉक के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.inसे डाउनलोड की जा सकती है।

**(बिहारीलाल शोरी) अध्यक्ष-नगर पंचायत केशकाल**

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**



**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com

Contact No. - 09454221467, 08305143251,09893404589

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-**

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 08 दिनांक- 08/09/2025

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला-कबीरधाम में विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री एवं कम्प्यूटर स्पेयर क्रय करने हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई - निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई - निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रू. (1000/- रु. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | पुनः ई-निविदा क्रमांक - 175000 (Only OEM & Authorized Dealer) विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री | दिनांक 09/09/2025 समय दोपहर 03:00 बजे से 12/09/2025 को समय दोपहर 03:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 12/09/ 2025 समय सायं 03:30 बजे से |
| 2 | ई-निविदा क्रमांक - 174730 Computer & Computer Spares Parts | दिनांक 09/09/2025 समय दोपहर 03:00 बजे से 13/09/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 13/09/ 2025 समय दोपहर 12:30 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

**महाप्रबंधक भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**


## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5983



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 5982 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल- 5993

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5992 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |



## भारत, इजराइल ने निवेश संधि पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और इजराइल ने एक द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'भारत और इजराइल सरकार ने आज नयी दिल्ली में द्विपक्षीय निवेश समझौते बीआईटी पर हस्ताक्षर किए।' इस समझौते पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके इजराइली समकक्ष बेजेल स्मोट्रिच ने हस्ताक्षर किए। स्मोट्रिच 8-10 सितंबर के बीच तीन दिन की भारत यात्रा पर आए हैं। वह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात करेंगे। बीआईटी से दोनों देशों के निवेशकों को उचित सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। यह मध्यस्थता के जरिये विवाद निपटान के लिए एक स्वतंत्र मंच देगा।

भारत वैश्विक स्तर पर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना चाहता है

# भारत व्यापार समझौतों में किसानों, एमएसएमई के हित सुरक्षित रखने को प्रतिबद्ध : सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत किसी भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते को 'समान, न्यायसंगत और संतुलित' बनाना चाहता है क्योंकि सरकार किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह बात कही।

यह बयान ऐसे समय आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। इससे अमेरिकी बाजार में माल भेजने वाले निर्यातकों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। सरकारी सूत्रों ने कहा, ''भारत अपनी प्राथमिकताओं, खासकर किसानों, मछुआरों, एमएसएमई क्षेत्र और डेयरी को ध्यान में रखते हुए बेहद संवेदनशीलता के साथ काम करता है।

- ट्रंप के टैरिफ वार से भारत के निर्यातकों के सामने आई समस्या

**खास बातें**

- भारत अपनी प्राथमिकताओं के साथ बेहद संवेदनशील
- यूरोपीय संघ समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत

### अमेरिका से समझौते पर बातचीत फिलहाल रूकी

भारत इस समय यूरोपीय संघ समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। इसके अलावा भारत की द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका के साथ भी बात चल रही है। हालांकि, शुल्क मुद्दों पर जुड़े तनाव के बीच इस समझौते पर बातचीत फिलहाल रुक गई है।



### यूरोपीय संघ के बीच एफटीए पर वार्ता का 13वां दौर शुरू

भारत और यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को अगले दौर की वार्ता शुरू की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफटीए के इस साल के अंत तक पूरा करने की समयसीमा को देखते हुए 13वें दौर की वार्ता काफी अहम मानी जा रही है। बातचीत का 12वां दौर ब्रसेल्स में हुआ था। अधिकारी ने कहा कि इस दौर की वार्ता पूरी होने के बाद यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मैरोस सेफ्कोविच 12 सितंबर को भारत आएंगे।

### भारत कृषि व डेयरी क्षेत्र खोलने तैयार नहीं

अमेरिकी दल को छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को भारत आना था लेकिन शुल्क संबंधी घोषणाओं के बीच उसने इस यात्रा को टाल दिया। अभी नई तारीख की घोषणा भी नहीं की गई है। भारत कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को खोले जाने की अमेरिकी मांग को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। इसी वजह से दोनों पक्षों के बीच गतिरोध पैदा हो गया है।

### अमेरिका के साथ व्यापार 131.8 अरब डॉलर का रहा

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच वस्तु व्यापार 131.8 अरब डॉलर का रहा। इसमें भारत का निर्यात 86.5 अरब डॉलर और आयात 45.3 अरब डॉलर था। इस बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार अमेरिकी शुल्क से प्रभावित भारतीय निर्यातकों के लिये एक व्यापक पैकेज पर काम कर रही है।

# इस्पात उत्पादों पर 12% सुरक्षा शुल्क पर्याप्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति नवीन जिंदल ने सोमवार को कहा कि कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर प्रस्तावित 12 प्रतिशत रक्षोपाय शुल्क पर्याप्त है और अगर भविष्य में आयात संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा तो उद्योग सरकार से फिर संपर्क करेगा। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने घरेलू विनिर्माताओं को आयात में अचानक वृद्धि से बचाने के लिए कुछ सपाट इस्पात उत्पादों के आयात पर तीन साल के लिए रक्षोपाय शुल्क लगाने की अंतिम सिफारिश की है। भारतीय इस्पात संघ की एक शिकायत पर शुरू की गई जांच के अंतिम निष्कर्षों में डीजीटीआर ने इस शुल्क की सिफारिश की थी।

- जरूरत हुई तो और मांग करेंगे : जिंदल

जिंदल ने यहां 'आईएसए स्टील कॉन्क्लेव 2025' के अवसर पर कहा, ''हम चाहते थे कि यह 25 प्रतिशत (सुरक्षा शुल्क) हो। लेकिन अगर उनकी (डीजीटीआर) समझ से 12 प्रतिशत की सिफारिश हुई है... तो यह पर्याप्त है।'' यह पूछने पर कि क्या अमेरिका जैसे देशों, जिन्होंने 50 प्रतिशत तक के शुल्क लगाए हैं, की तुलना में 12 प्रतिशत शुल्क पर्याप्त है, जिंदल ने कहा कि डीजीटीआर किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले यह देखता है कि उद्योग को किस प्रकार का नुकसान हो रहा है।



### वैश्विक कीमतें प्रभावित हो रही


*भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के अध्यक्ष जिंदल ने कहा, ''हम इसका सम्मान करते हैं और अगर कोई समस्या हुई, तो हम इसे फिर से उठाएंगे।'' उन्होंने यह भी बताया कि शुल्क के कारण विभिन्न देशों से अमेरिका को निर्यात बंद होने के कारण वैश्विक कीमतें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू इस्पात की मांग दोहरे अंकों में बढ़ने की उम्मीद है।*

# सेंसेक्स और निफ्टी में रही मामूली तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 76 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 32 अंक की तेजी आई।

इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक बाजारों में तेजी आई, जिसका घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। कारोबार के आखिरी घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76.54 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और बाद में वाहन, पेट्रोलियम और निजी बैंक शेयरों में तेजी के साथ 460.62 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 81,171.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में बिकवाली ने अंत में बढ़त को सीमित कर दिया। निफ्टी 32.15 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,773.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 3.97 प्रतिशत की तेजी रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इसके अलावा मारुति, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, ट्रेंट में 3.81 प्रतिशत की गिरावट आई। एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड और सन फार्मा भी भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।




### निवेशक सकर्त दिखे

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका क्योंकि सत्र के आखिर में हुई बिकवाली ने 'गिरावट पर खरीदारी, तेजी पर बिकवाली' की प्रचलित रणनीति को प्रतिबिंबित किया। इससे निवेशक सतर्क दिखे।*

***हीरो मोटोकॉर्प ने हर्षवर्धन चितले को बनाया सीईओ***

*नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने सोमवार को कहा कि उसने हर्षवर्धन चितले को पांच जनवरी, 2026 से अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।*

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
HMS हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस — मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स Mo.: 9826725383
Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*
पताः सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

# सोना रिकॉर्ड स्तर से 200 रुपए फिसला और चांदी भी कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्ट की ताजा बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं और 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये टूटकर 1,06,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

शनिवार को, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900-900 रुपये बढ़कर क्रमशः 1,07,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 1,07,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। चांदी भी बिकवाली के दबाव में रही और 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शनिवार को चांदी 1,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। इस बीच, वायदा बाजार में, सोने और चांदी ने शुरुआती गिरावट के बाद तेजी से वापसी की और नए शिखर को छुआ।



**बिजनेस साइट**

## इट्सा हॉस्पिटल में वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे पर रोबोटिक रिहैबिलिटेशन की शुरुआत




**रायपुर।** इट्सा हॉस्पिटल में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स (आईएपी) के सहयोग से वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मरीजों के इलाज में तकनीक की भूमिका को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा रोबोटिक रिहैबिलिटेशन सुविधा की शुरुआत, जिससे इट्सा हॉस्पिटल अब मध्य भारत के चुनिंदा उन्नत फिजियोथेरेपी केंद्रों में शामिल हो गया है। विशेषज्ञों ने बताया कि यह अत्याधुनिक तकनीक खासतौर पर न्यूरोलॉजिकल, ऑर्थोपेडिक और क्रॉनिक डिजीज से पीड़ित मरीजों की रिकवरी को तेज, सटीक और प्रभावी बनाती है। इससे मरीज न केवल जल्दी सामान्य दिनचर्या में लौट पाते हैं, बल्कि उनकी जीवन गुणवत्ता में भी सुधार होता है। कार्यक्रम में इंटरैक्टिव सेशन्स, जागरूकता वार्ता और लाइव डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट्स ने बताया कि शुरुआती स्तर पर दी गई फिजियोथेरेपी और रोबोटिक तकनीक का समन्वय मरीजों के आत्मविश्वास को कैसे बढ़ाता है। इट्सा हॉस्पिटल प्रबंधन ने इस अवसर पर संदेश दिया कि संस्थान परंपरागत चिकित्सा विशेषज्ञता को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट | रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्कः 8962566221, 07714916125, 7223065604

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896, +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

## खबर संक्षेप



### गावस्कर, शास्त्री, सहवाग कमेंट्री पैनल में

**नई दिल्ली।** सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और वीरेंद्र सहवाग के साथ-साथ पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण मंगलवार से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के बहुभाषी कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। इस टूर्नामेंट के 17वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले महाद्वीपीय वर्चस्व के लिए संघर्ष करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को यूएई के खिलाफ करेगा।

### लीजेंड्स टूर : रंधावा ने हासिल किया चौथा स्थान

**सैन सेबेस्टियन।** भारत के दिग्गज गोल्फर ज्योति रंधावा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 66 का स्कोर बनाया और यहां यूरोपीय लीजेंड्स कप में चौथे स्थान पर रहे। यह लीजेंड्स टूर पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रंधावा के अंतिम राउंड के खेल में पाच बर्डी और एक ईगल बनाया और इस बीच केवल एक बोगी की। उन्होंने तीनों राउंड में कुल मिलाकर एक दर्जन बर्डी लगाईं। रंधावा के अंतिम राउंड का आकर्षण पार-4 के नौवें होल पर दो होल-आउट रहा। स्कॉट हेंड ने उत्तरी स्पेन के बासोज़ाबल में खेले गए इस टूर्नामेंट में एडिलसन दा सिल्वा और स्टीफन गैलाचर की चुनौती को समाप्त करके यूरोपियन लीजेंड्स कप दो शॉट से जीता।

### ह्यूस्टन चैंपियनशिप: 50वें स्थान पर रहीं प्रणवी

**ह्यूस्टन।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने चौथे दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद यहां ह्यूस्टन चैंपियनशिप में संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। अपने घरेलू टूर पर कई जीत हासिल कर चुकीं प्रणवी के लिए यह एक उतार-चढ़ाव भरा सप्ताह रहा, जिसमें उन्होंने 72-69-74 के कार्ड खेले। प्रतियोगिता में शामिल अन्य दो भारतीय खिलाड़ी अवनि प्रशांत और त्वेसा मलिक कट से चूक गईं थीं। प्राणवी आखिरी दौर में एक बर्डी के मुकाबले तीन बोगी (दूसरे, चौथे और 13वें होल पर) कर बैठी। स्पेन की नूरिया इटुरियोज ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 के स्कोर के साथ लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर अपना पांचवां खिताब हासिल किया।

यानिक की हार्ड कोर्ट पर 27 मैचों की जीत की स्ट्रीक तोड़ी

सिनर पर दबदबा बरकरार रखते हुए हासिल की नंबर एक रैंकिंग

# अल्काराज बने अमेरिकी ओपन चैंपियन, छह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कार्लोस अल्काराज ने यानिक सिनर पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए चार सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता और विश्व में नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की। अल्काराज की सिनर पर 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से जीत वाकई अहम रही। अल्काराज ने गत चैंपियन पर अपनी श्रेष्ठता फिर से स्थापित की, एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह तीसरा मौका था जब दोनों लगातार ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़े। सिनर को हराकर 22 साल के अल्कराज, ब्योर्न बोर्ग के बाद छह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सिनर की हार्ड कोर्ट पर 27 मैचों की जीत की स्ट्रीक भी तोड़ दी। इस जीत के साथ, अल्कराज के नाम छह ग्रैंड स्लैम हो गए, जबकि सिनर के पास अभी चार बड़े खिताब हैं।



### 22 साल की उम्र में बनाया खास रिकॉर्ड

कार्लोस अल्कराज ने 22 साल और 125 दिन की उम्र में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम्स जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले मैट्स विलैंडर ने 24 साल और 6 दिन की उम्र में ये कमाल किया था और फिर राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच का नाम आता है। इसी के साथ कार्लोस अल्कराज ने पीआएफ एटीपी रैंकिंग्स में नंबर 1 पायदान हासिल कर लिया है। उन्होंने साल 2023 के बाद पहली बार ये रैंकिंग हासिल की है।

### परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया : सिनर

सिनर ने कहा, 'मैं उन्हें पूरा श्रेय देता हूं क्योंकि उन्होंने मेरी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया। उन्होंने महत्वपूर्ण अवसरों पर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और जब जरूरत थी तब अंक हासिल किए।' सिनर ने कहा, 'आपने मुझसे बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। मैंने आज अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। मैं इससे ज़्यादा कुछ नहीं कर सकता था।'



### अल्काराज ने की सिनर की तारीफ

खिताब जीतने के बाद, एल्काराज ने सिनर की जमकर तारीफ की। दोनों अक्सर बड़े टूर्नामेंट में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, और 2025 में यह तीसरा ग्रैंड स्लैम था। अल्काराज ने कहा, /"मैं यानिक से शुरू करना चाहता हूं। तुम पूरे सीजन में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हो, हर टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखा रहे हो। मैं तुम्हें अपनी फैमिली से ज्यादा देखता हूं। तुम्हारे साथ कोर्ट और लॉकर रूम शेयर करना शानदार है। मेरे आसपास के लोग, मेरी हर उपलब्धि आपकी वजह से है।

### कार्लोस पर पैसों की बारिश

22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज को यूएस ओपन 2025 का खिताब जीतने पर पिछले साल की तुलना में 39 प्रतिशत ज्यादा की इनामी राशि मिली। यूएस ओपन 2025 के सिंगल में विजेता को इनामी राशि के रूप में 5 मिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपए के अनुसार, करीब 44 करोड़ रुपए मिले हैं। बता दें कि, पिछले सीजन के विजेता को 31.74 करोड़ रुपए मिले थे। इसके अलावा रनर-अप रहे यानिक सिनर को 22 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले, जो की आईपीएल 2025 की आरसीबी को मिले प्राइज मनी से ज्यादा है।



### हांगकांग सुपर 500 में सात्विक-चिराग की जोड़ी करेगी अगुवाई

**हांगकांग।** विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में कांस्य पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी 9 जुलाई से शुरू हो रहे हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एक बार फिर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इस जोड़ी ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन के बूते विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। यह जोड़ी मौजूदा सत्र में निरंतरता के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली जोड़ी रही है। वे बीडब्ल्यूएफ टूर पर भारत, मलेशिया, चीन और सिंगापुर सहित कई प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चियु शिआंग चिएह और वांग ची-लिन के खिलाफ करेगी।

#### सिंधू को बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व चैंपियनशिप में चीन की वांग झी यी को हराकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया था। उनका अभियान हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया था। हांगकांग में सिंधू के सामने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टाफरसेन के खिलाफ अपने पहले मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी। इस साल के उभरते सितारों में से एक यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू के खिलाफ एक कठिन मुकाबला है। पूर्व विश्व नंबर छह लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद से लय तलाश रहे है। वह चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई के खिलाफ आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

## हॉकी महिला एशिया कप : भारत ने सिंगापुर को 12-0 से दी शिकस्त



नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ (चीन)

नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा। नवनीत (14वां , 18वां , 28वां मिनट) और मुमताज खान (दूसरा, 32वां और 38वां मिनट) के अलावा, नेहा (11वां मिनट, 38वां मिनट) ने दो जबकि लालरेम्सियामी (13वां मिनट), शर्मिला देवी (45वां मिनट) और रुतुजा पिसल (52वां मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत अपना अगला मैच सुपर -4 चरण में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा।

#### भारत ने पहले दो मिनट में गोल कर की शानदार शुरुआत

विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज सिंगापुर के खिलाफ भारतीय टीम ने दो मिनट के अंदर ही गोल कर शानदार शुरुआत की। मुमताज के सर्कल के कोने से लगाए जोरदार रिवर्स शॉट का सिंगापुर की रक्षापंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर अपना दबदबा कम नहीं होने दिया और आठवें मिनट में टीम ने पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया।

## पाकिस्तान ने जीती त्रिकोणीय सीरीज अफगान को हराया

**शारजाह।** बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज की हैट्रिक की बदौलत पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 141 रन बनाए। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 15.5 ओवर में 66 रन पर आउट हो गई, जो इस प्रारुप में उसका न्यूनतम स्कोर है। नवाज ने 19 रन देकर पांच विकेट लिए। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा, 'यह ऐसा विकेट था जहां 130-140 रन भी चुनौतीपूर्ण होते हैं और एक बार जब हम वहां पहुंच गए तो हमें पता था कि उनके लिए लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होगा।' पाकिस्तान की तरफ से बल्लेबाजी में फखर जमां ने 27, नवाज ने 25 और कप्तान आगा ने 24 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए।

## एशिया कप : टीम इंडिया की निगाह खिताब पर

एजेंसी ▶▶| दुबई



सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान और श्रीलंका के मौजूदगी के बावजूद खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच अबू धाबी में होने वाले मैच से होगी, लेकिन सभी की निगाहें दुबई पर टिकी होंगी, जहां सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात पर बड़ी जीत हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया।




श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

अपना घर अपना देश,
आत्मनिर्भर बन करें गृहप्रवेश

रायपुर विकास प्राधिकरण की Online Property Sale



श्री ओपी चौधरी
माननीय मंत्री
आवास एवं पर्यावरण
छत्तीसगढ़

रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक, मिश्रित उपयोग के लिए भूखंड, दुकानें, फ्लैट्स, डुप्लेक्स रो-हाउस एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट्स विक्रय हेतु उपलब्ध है।

क्रमांक 1914 | **ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** | दिनांक 04.09.2025

| क्र. | योजना | संपत्ति का प्रकार | संख्या | संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | संपत्ति का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या माता विहार | आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से कम) दर रू. 2177/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 822.4-1743.9 | रु.17,90,278 - रु. 37,96,383/- |
| | | आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से ज्यादा) दर रू. 2072/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 12 | 2064.5-6956.9 | रु. 42,77,685 - रु.1,44,14,697/- |
| | | मिश्रित भूखण्ड – दर रु. 3710/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 9610 | रु.3,56,53,100/- |
| | | व्यावसायिक भूखण्ड - सेक्टर लेवल दर रु. 3630/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 12 | 757.07-788.7 | रु.27,48,154 - रु.28,62,876/- |
| | | डुप्लेक्स रो-हाऊस | 6 | 545-798.3 | रु.24,60,767 - रु.32,27,978/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13 | 89 | 645.5 | रु.19,00,000/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (2 बी.एच.के.) | 31 | 493.74 | रु.12,79,300/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) | 33 | 645.29 | रु.15,30,100/- |
| PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in | | | | | |
| 2 | इन्द्रप्रस्थ फेस-1 | 120 अपार्टमेंट (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स) | 1 | 1008.32 | रु.21,30,000/- |
| 3 | बोरियाखुर्द योजना | दुकानें – दर रु. 4000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 8 | 78-120 | रु.3,13,760 - रु.4,81,320/- |
| 4 | कटोरा तालाब योजना (सेक्टर-07 न्यू राजेन्द्र नगर) | भक्त माता कर्मा काम्प्लेक्स में दुकानें- दर रु. 5680/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 170-494 | रु.9,65,600 - रु.28,05,920/- |
| 5 | रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर | दुकानें दर रु. 1893/- प्रति वर्गफुट | 26 | 146-552 | रु.2,76,378 - रु.10,44,936/- |
| | | व्यावसायिक दर रु. 1899/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 22 | 538.2-2152.80 | रु.10,22,042 - रु.40,88,167/- |
| 6 | शैलेन्द्र नगर योजना | दुकानें (प्रथम तल) - दर रु. 6000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 19 | 229-254 | रु.13,74,000 - रु.15,24,000/- |

**महत्वपूर्ण तिथियां**
- निविदा जारी करने की तिथि 08/09/2025
- निविदा फॉर्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि 08/09/2025 से 23/09/2025
- पूर्ण रूप से भरी गई निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23/09/2025 तक

1. संपत्तियों का आवंटन निविदा के माध्यम से होगा। निविदा के नियम एवं शर्तें, उपलब्ध संपत्तियों का विवरण, निर्धारित ऑफसेट दर तथा आवेदन की जानकारी प्राधिकरण की वेबसाईट - **https://rda.cgstate.gov.in** में उपलब्ध है। समस्त निविदा ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए 500/- है। जिसका भुगतान निविदा की धरोहर राशि के साथ ऑनलाईन भुगतान करना होगा।
3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र संपूर्ण रूप भरा हुआ होना चाहिये, प्रपत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी, जो कि निविदाकर्ता की ही जवाबदारी होगी।
4. प्राप्त मान्य निविदाओं में उच्चतम निविदा को उक्त संपत्ति हेतु आवंटन किया जायेगा।
5. निविदा प्रस्तुत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत निविदा वापसी/परिवर्तन से संबंधित कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा तथा प्राप्त निविदा को निविदा प्रक्रिया में शामिल माना जावेगा तथा निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा यदि सफल होती है तो निविदाकर्ता द्वारा आवंटन स्वीकार न करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
6. प्राधिकरण द्वारा भविष्य में निविदाकर्ता द्वारा संलग्न दस्तावेज के परीक्षण पर नियमानुसार पात्रता नहीं होने पर प्राधिकरण को आवंटन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. सफल निविदाकर्ता द्वारा आवंटन आदेश में उल्लेख के अनुसार निर्धारित समय अवधि में राशि जमा करनी होगी अन्यथा प्राधिकरण द्वारा धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें सतर्कता पूर्वक पढ़े जाए।

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**रायपुर विकास प्राधिकरण**
भक्त माता कर्मा कॉम्प्लेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

टीप :- रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी एजेंट/ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है। इच्छुक आवेदक संपत्ति क्रय/खरीदने के लिए सीधे कार्यालय के मार्केटिंग शाखा से संपर्क करें।

जागो ग्राहक जागो







## अनन्या-दिव्यांशी ने जीता अंडर-15 युगल का खिताब

युवा स्टार कंटेंडर टेटे टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| स्कोपिया

अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की।

दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इससे पहले सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था। रियाना और अंकोलिका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल वर्ग में रजत पदक जीते।

अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (6-11, 7-11, 8-11) से हार गए जबकि ऋत्विक को भी खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेयुंगसू के खिलाफ 0-3 (8-11, 5-11, 8-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 मिश्रित युगल में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी जबकि अंडर-15 बालक युगल में ऋत्विक और साहिल रावत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीते।

### विडलर भारत दौरे से बाहर


**मेलबर्न।** क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज कैलम विडलर आंशिक 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण ऑस्ट्रेलिया ए के आगामी भारत दौरे से बाहर हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाजों की बढ़ती सूची में एक और नाम जुड़ गया। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी से पहले टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, लान्स मौरिस और ब्रॉडी काउच भी चोटिल होने के कारण चयन की दौड़ से बाहर हैं। दोनों देशों की ए टीम के बीच श्रृंखला 30 सितंबर से शुरू होगी। विडलर ने पेशेवर क्रिकेट में पिछला मुकाबला मार्च में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड 2024-25 के फाइनल के रूप में खेला था और तब उन्होंने अपनी टीम की हार के दौरान पांच विकेट चटकाए थे। क्वींसलैंड के हाई परफोर्मेंस महाप्रबंधक जो डावेस ने बताया, 'कैलम को ट्रेनिंग के दौरान पीठ में दर्द हुआ और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दी।

# दुनिया की विचित्र और विशाल मूर्तियां, ऊंचाई और नक्काशी देखकर लोग हो जाते हैं हैरान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मूर्तियां बनाना एक खास तरह की कला है, जो बेहद बारीकी से की जाती है। एक अच्छा मूर्तिकार अपनी प्रतिभा के जरिए अपनी कलाकृति को जीवित दिखाने में सक्षम होता है। आपने अपने शहर में कई छोटी-बड़ी मूर्तियां देखी होंगी, जिनमें से ज्यादातर भगवान, किसी हस्ती या नायक की होती हैं। हालांकि, दुनियाभर में कुछ बेहद विचित्र मूर्तियां भी मौजूद हैं, जिन्हें देखकर आंखों पर यकीन नहीं होता। आइए ऐसी ही अजीबो-गरीब मूर्तियों के बारे में जानते हैं।

## द हैंड ऑफ द डेजर्ट




'द हैंड ऑफ द डेजर्ट' चिली के अटाकामा रेगिस्तान में स्थित एक विशाल मूर्ति है। इसे लोग 'मानो डेल देसिएर्तो' नाम से भी जानते हैं। यह रेत से उठता हुआ एक 36 फुट यानि 11 मीटर का हाथ है, जिसे चिली के कलाकार मारियो इराराजाबल ने बनाया है। कहा जाता है कि यह मूर्ति मानवीय भेद्यता को दर्शाती है। यह चिली में सैन्य शासन के दौरान अन्याय और यातना झेलने वाले पीड़ितों को समर्पित है।

## अजीब लेकिन प्यारी मूर्ति स्पॉट

'स्पॉट' एक अजीब, लेकिन प्यारी मूर्ति है। इसके निचले हिस्से पर एक विशालकाय कुत्ता बना है, जो डालमेशन नस्ल का है। इसकी खासियत यह है कि कुत्ते की नाक पर एक पीले रंग की कार उलटी खड़ी है। यह अमेरिका में चलने वाली टैक्सी है, जिसे देखकर ऐसा लगता है मानो कुत्ता उसे बैलेंस कर रहा हो। टोयोटा ने यह कार मूर्ति बनाने के लिए दान में दी थी। यह मूर्ति न्यूयॉर्क के हैसेनफेल्ड चिल्ड्रन हॉस्पिटल के सामने स्थित है।




**मकड़ी की मूर्ति मामन, देखकर लगता है डर :** अगर आपको मकड़ी से डर लगता है तो इस मूर्ति को देखकर आपके रौंगटे खड़े हो सकते हैं। 'मामन' लुईस बुर्जुआ द्वारा बनाई गई एक विशाल मकड़ी की मूर्ति है। इसे कांस्य, स्टेनलेस स्टील और संगमरमर से बनाया गया है। यह कलाकृति मातृत्व, सुरक्षा और मां के संबंधों की जटिलताओं का एक शक्तिशाली प्रतीक मानी जाती है। यह मूर्ति लगभग 30 फीट ऊंची है और इसमें 32 संगमरमर के अंडों से भरी एक थैली भी लगी है।

## अप्साइड डाउन मूर्ति

चार्ल्स ला ट्रोब की 'अप्साइड डाउन' मूर्ति वाकई आपके होश उड़ा देगी। इसको 'लैंडमार्क' नाम से भी जाना जाता है। यह ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के पहले लेफ्टिनेंट-गवर्नर की मूर्ती है, जो 16 फुट ऊंची है। यह उल्टी बनाई गई है, यानि कि लेफ्टिनेंट-गवर्नर का सिर नीचे और पैर ऊपर हैं। यह मेलबर्न स्थित ला ट्रोब विश्वविद्यालय के बुंडूरा परिसर में स्थित। मूर्ति का उल्टा होना इस विचार का प्रतीक है कि विश्वविद्यालयों को पारंपरिक सोच को चुनौती देनी चाहिए।

## कांसे से बनी द ट्रैवलर्स नामक मूर्ति



फ्रांसीसी कलाकार ब्रूनो कैटलानो ने 'द ट्रैवेलर्स' नाम की मूर्तियां बनाई थीं। ये कांसे से बनी हैं, जिनमें से प्रत्येक के धड़ का एक बड़ा हिस्सा गायब यानि खोखला है। इन मूर्तियों के हाथ में एक सूटकेस रहता है और उनके पेट वाला भाग खोखला रहता है। ये जीवन की यात्राओं और अनुभवों का प्रतीक हैं, जिनमें पहचान, प्रवास और मानवीय स्थिति जैसे विषय शामिल हैं। इन सभी मूर्तियों की एक झलक पाने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं।

# पानी में समाई ये इमारत 300 साल बाद भी चमकती है मोती जैसी, पर्यटकों की है पहली पसंद

नई दिल्ली। भारत अपनी ऐतिहासिक धरोहरों, शाही महलों और अनोखी वास्तुकला के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यहां ऐसी-ऐसी इमारतें हैं जो सदियों पुरानी होने के बावजूद आज भी अपनी भव्यता और खूबसूरती से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। ऐसी ही एक अनोखी और अद्भुत इमारत है जयपुर का जलमहल, जो 300 साल से पानी में डूबा होने के बावजूद आज भी मजबूती और खूबसूरती की अनूठी मिसाल बना हुआ है। हालांकि, महल के अंदर आम जनता के लिए प्रवेश वर्जित है, लेकिन झील के किनारे से इसका नजारा पर्यटकों को दीवाना बना देता है। इसके आसपास की खूबसूरती और इतिहास की झलक इसे जयपुर का फोटोग्राफी हॉटस्पॉट भी बना देती है।


### जलमहल का इतिहास और निर्माण

जलमहल का निर्माण 1799 में जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने कराया था। इसका उद्देश्य शाही जीवन की शान को प्रदर्शित करना था। कहा जाता है कि महाराजा ने इस महल को राजसी उत्सवों, शिकार के दौरान विश्राम और अपनी रानी के साथ समय बिताने के लिए बनवाया था।

### 300 साल बाद भी क्यों नहीं डूबा जलमहल

जलमहल की सबसे अनोखी बात यह है कि तीन सदियों तक पानी में डूबे रहने के बाद भी इसकी संरचना बिल्कुल सुरक्षित है। यहां तक कि आज तक इसमें कहीं से भी जल रिसाव नहीं होता। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका श्रेय इसकी राजपूत और मुगल शैली की मिश्रित वास्तुकला को जाता है। महल की नींव और दीवारें उस समय की बेहतरीन तकनीकों से बनाई गईं, जिसने इसे हर मौसम और पानी के दबाव से सुरक्षित रखा।


## अरावली की पहाड़ियों से घिरा हुआ जलमहल



जयपुर, जिसे पिंक सिटी के नाम से जाना जाता है, अपने शानदार किलों और महलों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां स्थित जलमहल, मानो राजस्थान की शाही वास्तुकला और ऐतिहासिक धरोहरों की शान को और भी बढ़ा देता है। मानसागर झील के बीचों-बीच बसा यह महल अरावली की खूबसूरत पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जो इसके सौंदर्य को और भी भव्य बना देता है।

### झील में पानी बढ़ने पर भी नहीं होता नुकसान

यह महल पांच मंजिला है, लेकिन इसकी सबसे खास बात यह है कि इसकी चार मंजिलें पानी में डूबी हुई हैं। केवल ऊपरी एक मंजिल पानी की सतह पर दिखाई देती है। इसका डिजाइन ऐसा बनाया गया है कि मानसून के दौरान झील का पानी बढ़ने पर भी यह महल बिल्कुल सुरक्षित रहता है।



### पर्यटन के लिए आकर्षण का केंद्र

आज जलमहल जयपुर के सबसे प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। हर साल यहां देश-विदेश से हजारों-लाखों पर्यटक इसकी खूबसूरती देखने आते हैं। मानसागर झील में तैरते प्रवासी पक्षियों का मनमोहक नजारा और शांत वातावरण पर्यटकों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं। हालांकि, महल के अंदर आम जनता के लिए प्रवेश वर्जित है, लेकिन झील के किनारे से इसका नजारा पर्यटकों को दीवाना बना देता है।

# दुनिया की सबसे अजीब दौड़ प्रतियोगिताएं जिनके बारे में सुनकर नहीं रुकेगी हंसी

**नई दिल्ली।** बचपन से लेकर बड़े होने तक, आपने कई बार दौड़ लगाई होगी। कभी दोस्तों के साथ, कभी स्कूल में तो कभी किसी प्रतियोगिता में।दुनियाभर में हर साल तमाम दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं, जिनमें भाग लेना रोमांचक अनुभव होता है। हालांकि, कुछ दौड़ प्रतियोगिताएं इतनी अजीब होती हैं कि उनके बारे में सुनकर ही हंसी आ जाती है। आज हम आपको ऐसी ही दौड़ प्रतियोगिताओं के बारे में बताने वाले हैं।




### चीज घुमाते हुए दौड़ने की प्रतियोगिता

इंग्लैंड के एक छोटे शहर में हर साल चीज घुमाने वाली विचित्र दौड़ आयोजित होती है। इसमें हजारों लोग भाग लेते हैं और यह एक प्रथा बन चुकी है। ब्रॉकवर्थ में होने वाली यह 'कूपर हिल चीज रोलिंग' दौड़ सुनने में जितनी अजीब है, उतनी ही मजेदार भी है। इसमें प्रतिभागी 'डबल ग्लूसेस्टर चीज' का रोल घुमाते हैं और उसे पकड़ने के लिए पहाड़ी से नीचे दौड़ लगाते हैं। जो दौड़ जीतता है, उसे इनाम में चीज दी जाती है।

## पत्नी को उठाकर दौड़ने की प्रतियोगिता

आपको याद होगा कैसे 'दम लगा के हईशा' फिल्म का हीरो अपनी पत्नी को पीठ पर बैठाकर दौड़ लगाता है। ऐसी ही प्रतियोगिता असल में फिनलैंड में हर साल आयोजित होती है। इसके दौरान पति अपनी पत्नी को उठाकर दौड़ लगाते हैं। आप सोच रहे होंगे कि पतली-दुबली पत्नियों वाले पति आराम से जीत जाते होंगे। हालांकि, प्रतियोगिता को चुनौतीपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए तय किया गया है कि पत्नियों का वजन 49 किलो से ज्यादा होना चाहिए।



# कहां है कोहिनूर की बहन? जिनका भारत में हुआ था विरोध, उस देश की तिजोरी में कैद यह बेशकीमती हीरा

नई दिल्ली। दुनिया का सबसे प्रसिद्ध हीरा कोहिनूर जो कई सदियों से अपनी अद्वितीयता और खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है, अब एक नए हीरे से जुड़ी कथाओं में घिरा हुआ है। यह हीरा दरिया-ए-नूर कहलाता है और इसे कोहिनूर की बहन कहा जाता है। यह एक रहस्यमयी 26 कैरेट का हीरा है जो बांग्लादेश के सोनाली बैंक की तिजोरी में छुपा हुआ है। इसका इतिहास, मिथक और इससे जुड़ी कहानी आज भी कई अनसुलझे सवालों से घिरी हुई है।

## दोनों हीरों को लेकर हुईं कई लड़ाइयां

इस दोनों हीरों के बीच इतिहास, मिथक और रहस्य की गहरी कहानी छुपी हुई है। जिनमें विश्वासघात, षड्यंत्र और ऐतिहासिक युद्धों के साये हैं। इन दोनों हीरों के स्वामित्व को लेकर कई देशों के बीच लड़ाइयाँ लड़ी गई हैं और हर क़दम पर एक नया मोड़ सामने आता है। दरिया-ए-नूर, जिसे कोहिनूर की बहन कहा जाता है।



### दरिया-ए-नूर का सफर, ऐसे पहुंचा बांग्लादेश

दरिया-ए-नूर की यात्रा बेहद दिलचस्प रही है। यह हीरा कई हाथों से गुज़रा और इस दौरान कई राजाओं और साम्राज्य ने इसे अपनी संपत्ति माना। अंततः यह हीरा ब्रिटिश शासन के अधीन आया। जब पंजाब के अंतिम राजा दिलीप सिंह ने इसे रानी विक्टोरिया के पास भेज दिया था। बाद में, 1852 में इसे ख्वाजा अलीमुल्लाह द्वारा एक नीलामी में खरीदा गया था।

### कोहिनूर और दरिया-ए-नूर की उत्पत्ति एक ही खान से

कोहिनूर की तरह दरिया-ए-नूर भी भारत के उन खदानों से आया था।जिनसे कोहिनूर को भी निकाला गया था। यह एक 26 कैरेट का हीरा है, जो आकार में आयताकार मेज के जैसा दिखता है। इसे एक सोने के बाजूबंद में जड़ा गया था, जिसमें करीब 10 छोटे हीरे लगे हुए हैं। यह हीरा भारतीय इतिहास की एक महाकाव्य गाथा से जुड़ा है और इसे महाराजा रणजीत सिंह द्वारा पहना गया था। वे दोनों हीरों को एक साथ पहनते थे, इसीलिए दरिया-ए-नूर को कोहिनूर की बहन कहा जाता है।

### एक व्यक्ति जिसने पालतू जानवरों के लिए बनाया पूरा शहर

नई दिल्ली। लोग अपने पालतू जानवरों को बच्चों की तरह प्यार करते हैं और सभी सुख-सुविधाएं देने की कोशिश करते हैं। हालांकि, कुछ लोग अपने पालतू जानवरों के आराम के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। आज के लेख में हम आपको एक ऐसी ही व्यक्ति की कहानी बताने जा रहे हैं, जिन्होनें अपने जानवरों के लिए एक पूरा शहर ही बना डाला। उनके शहर में ट्रेन और सुपर मार्किट जैसी सभी सुविधाएं हैं। जिस व्यक्ति ने यह अद्भुत काम किया है, उनका नाम जिंग जिलेई है। वह पेशे से एक यूट्यूबर हैं, जिनके चैनल का नाम 'जिंग्स वर्ल्ड' है। जिंग मिनिएचर कला का शौक है और वह इसमें माहिर भी हैं। जिंग इतने होनहार और प्रतिभाशाली हैं कि उन्होंने अपने हाथों से अपने पालतू जानवरों के लिए छोटा अपार्टमेंट और शहर बना दिया है।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# दुनिया के सबसे रंगीन और दुर्लभ कीड़े, जो अपनी खूबसूरती व खासियत के कारण दिखते हैं अलग

*नई दिल्ली। दुनिया में ऐसे कई कीड़े हैं, जो अपने रंगों और खूबसूरती के लिए जाने जाते हैं। ये कीड़े न केवल देखने में आकर्षक होते हैं, बल्कि इनके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। इनकी खासियतें और जीवनशैली इन्हें अन्य कीड़ों से अलग बनाती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही रंग-बिरंगे कीड़ों के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में जानकर आप चकित रह जाएंगे और इनकी सुंदरता से मोहित हो जाएंगे।*

## पिकासो बग



पिकासो बग एक अनोखा कीड़ा है, जो अपने शरीर पर पेंटिंग की तरह दिखने वाले डिजाइन के कारण इस नाम से जाना जाता है। यह मुख्य रूप से अफ्रीका के कुछ हिस्सों में पाया जाता है। इसकी पीठ पर लाल, नीला और पीला रंग होता है, जिससे यह पेंटिंग जैसी दिखती है। इस कीड़े का रंग-बिरंगा शरीर इसे अन्य कीड़ों से अलग बनाता है और यह देखने में बहुत आकर्षक लगता है।

## रैनबो शील्ड बग

रैनबो शील्ड बग एक ऐसा दुर्लभ कीड़ा है, जिसका शरीर पूरी तरह से इंद्रधनुषी रंगों से भरा हुआ होता है। यह मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में पाया जाता है। इसके शरीर पर हरे, नीले, पीले और लाल रंगों का मेल होता है, जिससे यह बेहद आकर्षक दिखता है। इस बग का रंग-बिरंगा शरीर इसे अन्य कीड़ों से अलग बनाता है और इसे देखने वाले सभी लोग इसकी सुंदरता से मोहित हो जाते हैं।

## सनसेट मॉथ



सनसेट मॉथ एक बेहद सुंदर पतंग है, जो अफ्रीका के मैडागास्कर द्वीप पर पाई जाती है। इसके पंखों पर नारंगी, पीला, हरा और नीला रंग होता है, जो सूर्योदय और सूर्यास्त दोनों के रंगों की याद दिलाते हैं। सनसेट मॉथ के पंखों पर चमकदार रंगों के साथ-साथ अनोखे डिजाइन भी होते हैं, जो इसे और भी खास बनाते हैं। इसकी सुंदरता और अनोखे रंग इसे देखने वालों को मोहित कर देते हैं।

## रोजी मेपल मॉथ

रोजी मेपल मॉथ एक प्यारा और आकर्षक पतंगा है, जो उत्तरी अमेरिका में पाया जाता है। इसके पंखों पर हल्के गुलाबी रंग की धारियां होती हैं, जो इसे और भी खास बनाती हैं। इस मॉथ के पंखों पर हल्के पीले रंग की धारियां भी होती हैं, जिससे इसका रूप और भी मनमोहक हो जाता है। इसकी सुंदरता और अनोखे रंग इसे देखने वालों को मोहित कर देते हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com